जो सदैव दूसरों की मदद के लिए तैयार रहता है, वो जीवन में कभी उदास और परेशान नहीं रहते हैं

दैनिक

# रेवांचल टाइम्स

निष्पक्ष, निर्भीक एवं सत्य का प्रवर्तक

Revanchal Times
7509202320
@revanchal_times
revanchaljabalpur@gmail.com
revanchaltimes_

■ वर्ष -07 ■ अंक-347 ■ मंडला, बुधवार 20 मार्च 2024 ■ पृष्ठ-8 ■ मूल्य-1 रूपये ■ फाल्गुन शुक्ल 11 ■ विक्रम संवत् 2080 शक 1935 ■ www.revanchaltimes.com

# मनीष मिश्रा के सिर पर सजा जिला अधिवक्ता संघ का ताज

रेवांचल टाइम्स, जबलपुर। जिला अधिवक्ता संघ की नवीन कार्यकारिणी के हुए चुनाव में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मनीष मिश्रा ने शानदार जीत हासिल की। मनीष मिश्रा ने मतगणना के पहले ही राउंड से बढ़त बनाना शुरू कर दी थी, जिसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और प्रतिद्धंदियों को पीछे छोड़ते हुए 955 मत हासिल की शानदार जीत दर्ज करायी। उल्लेखनीय है कि जिला अधिवक्ता संघ 2024-26 की नई कार्यकारिणी के लिये 18 मार्च को मतदान हुआ था। जिसमें अध्यक्ष पद के चार उम्मीदवार मैदान में थे। जिसमें आरके सिंह सैनी, मनीष मिश्रा, नरेन्द्र जैन व राजेश उपाध्याय के बीच मुकाबला था। आज मंगलवार को सर्व प्रथम अध्यक्ष पद के मतों की गिनती दोपहर बाद प्रारंभ हुई। करीब दो बजे मतों के मिलान के बाद पहले राउंड की गिनती से ही मनीष मिश्रा ने बढ़त बनानी शुरू कर दी है। पहले राउंड में मनीष मिश्रा ने 52 मत हासिल कर अपने प्रतिद्धंदियों को सोच में डाल दिया था। इसके बाद चौबीसे राउंड तक मनीष ने बढ़त बनाते 955 मत हासिल की अपनी जीत दर्ज करायी। 20 वें राउंड के बाद से ही मनीष मिश्रा के समर्थकों ने मिष्ठान बांटना शुरू कर दिया था और ढोल ढमाकों के साथ बधाई का दौर शुरू हो गया था। चौबीसे राउंड की मतगणना के बाद लोगों ने पुष्पमाला पहनाकर अपने नये अध्यक्ष का स्वागत किया।

## पहले ही राउंड से बढ़त बनाकर की शानदार जीत हासिल



### 955 मत पाकर की जीत हासिल

अध्यक्ष पद के लिये कुल करीब 2460 मत प्राप्त हुए थे। जिनमें से चार से पांच मत निरस्त कर दिये गये। इसके बाद के मतों में मनीष मिश्रा को 955 मत तो उनके निकटत्तम प्रतिद्धंदी आरके सिंह सैनी को 732 मत प्राप्त हुए। वहीं 606 मतों के साथ नरेन्द्र जैन तीसरे स्थान पर रहे। राजेश उपाध्याय को कुल 163 मत ही प्राप्त हो सके।

### दो बजे हुई मतगणना

मंगलवार को मतगणना दोपहर बाद प्रारंभ हुई। सर्वप्रथम मतपेटियों को सर्वसहमति लेकर खोला गया और मतों का मिलान किया गया। इसके बाद उनकी गिनती प्रारंभ हुई। 24 वें राउंड की गिनती में पहले ही राउंड से मनीष मिश्रा ने बढ़त बनानी शुरू कर दी और अंतिम राउंड तक वह सबसे आगे ही रहे।

### उपाध्यक्ष व सचिव पद के मतों की गिनती आज

अध्यक्ष पद के बाद अब उपाध्यक्ष और सचिव सहित सह सचिव पदों के मतों की गिनती आज बुधवार को की जायेगी। उसके उपरांत ही अन्य पदों सहित कार्यकारिणी सदस्यों के मतों की गिनती होगी।



# युवकों का बंदूक-पिस्टल के साथ वीडियो वायरल

## पुलिस ने जांच शुरू की; एसपी ने परिजन से भी पूछताछ के निर्देश दिए





**दैनिक रेवांचल टाइम्स जबलपुर।** युवाओं में इन दिनों हथियारों के साथ वीडियो बनाकर, फोटो क्लिक कराकर सोशल मीडिया में सेंड करने का क्रेज चल रहा है। हाल ही में जबलपुर में कुछ लड़कों के फोटो-वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहे हैं। वीडियो में युवा लड़के बंदूक-पिस्टल के साथ दिख रहे हैं। बताया जा रहा है कि ये लड़के शहपुरा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। लोधी परिवार से ताल्लुक रखते हैं। सोशल मीडिया में वायरल हो रहे वीडियो को अब पुलिस ने संज्ञान में लेकर जांच शुरू कर दी है। सोशल मीडिया में वायरल हो रहे ये वीडियो कुछ दिन पहले के हैं। वीडियो में देख सकते हैं कि कैसे ये युवक अपने हाथों में खिलौना की तरह बंदूक लेकर घूम रहे हैं। फोटो में युवाओं की टीम भी दिख रही है, जो हाथों में बंदूक लिए है। कुछ युवक बंदूक एक - दूसरे की तरफ करने के बाद उसका वीडियो बना रहे हैं। ये सभी वीडियो युवकों ने इंस्टाग्राम में पोस्ट की थी, जो कि अब वायरल हो रही है। एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने कहा कि कुछ वीडियो सामने आए हैं। इसमें लड़के हवाई फायरिंग कर रहे हैं तो कुछ लड़के बंदूक के साथ खेल रहे हैं। ये सभी वीडियो शहपुरा थाना प्रभारी को भेजे गए हैं। साथ ही निर्देश भी दिए गए है कि जिन लड़कों के ये वीडियो है उनके परिजनों से पूछताछ की जाए। अगर बंदूक अवैध है तो उसे जब्त कर कार्रवाई भी की जाए।

# रैली, आम सभा और जूलूस के आयोजन के लिये 48 घंटे पूर्व प्राप्त करनी होगी अनुमति : कलेक्टर



**दैनिक रेवांचल टाइम्स जबलपुर।** जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना ने लोकसभा चुनाव के दौरान जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के प्रावधानों के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर जिले की राजस्व सीमाओं के भीतर सक्षम अधिकारी की बिना पूर्व अनुमति प्राप्त किये रैलियों, आमसभाओं और जुलूस के आयोजन पर रोक लगा दी है। जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश में कहा गया है कि लोकसभा चुनाव के दौरान जुलूस, आम सभा या रैली का आयोजन करने के लिये सक्षम अधिकारी से 48 घण्टे पूर्व अनुमति प्राप्त करना आवश्यक होगा। प्रतिबंधात्मक आदेश में स्पष्ट किया गया है कि कोई भी व्यक्ति, अभ्यर्थी तथा राजनीतिक दल सक्षम अधिकारी अथवा संबंधित अनुविभागीय अधिकारी की 48 घंटे पूर्व अनुमति प्राप्त किये बिना तथा पुलिस को पूर्व सूचना दिए बिना कोई जुलूस नहीं निकाल सकेगा और न ही किसी भी सार्वजनिक स्थान पर आम सभा का आयोजन कर सकेगा। साथ ही टेंट शामियाना इत्यादि भी नहीं लगा सकेगा। आदेश के मुताबिक कोई भी व्यक्ति, संगठन या समूह एक स्थान पर लाठी पत्थर या किसी प्रकार के घातक पदार्थ या अस्त्र शस्त्रों का संग्रह नहीं करेगा । वैध अनुज्ञप्ति धारी को छोड़कर कोई भी व्यक्ति ना तो बारूद या पटाखों का संग्रह करेगा, ना निर्माण करेगा, ना उसका उपयोग करेगा और ना उसका प्रदर्शन करेगा। प्रतिबंधात्मक आदेश में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति मतदाताओं को किसी भी प्रकार का प्रलोभन या लालच आदि देकर अथवा धौंस-घपट या धमकी देकर भयभीत नहीं करेगा और ना ही निर्वाचन प्रक्रिया को किसी प्रकार से दूषित कर सकेगा । कोई भी व्यक्ति या समूह किसी प्रकार के अस्त्र शस्त्रों को धारित नहीं करेगा और ना ही उनका किसी प्रकार का कोई प्रयोग करेगा और ना ही उनका कोई सामूहिक प्रदर्शन आयोजित करेगा। आदेश के अनुसार कोई भी गृह स्वामी यथास्थिति अपनी निजी या किराए के आवास पर किसी भी बाहरी व्यक्ति को नहीं ठहरायेगा, जब तक की उसकी लिखित सूचना संबंधित थाना प्रभारी को ना दे दी जाए। इसी प्रकार कोई भी बाहरी व्यक्ति (मतदाताओं को छोड़कर) मतदान केंद्र की सौ मीटर की परिधि में ना तो प्रवेश करेगा और ना ही समूह बनाकर एकत्रित होगा। प्रतिबंधात्मक आदेश के मुताबिक निर्वाचन की अवधि के दौरान कोई भी राजनैतिक दल या व्यक्ति किसी प्रकार का धरना प्रदर्शन जुलूस, चक्का जाम या पुतला दहन नहीं करेगा तथा और प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से उसका समर्थन भी नहीं करेगा। प्रतिबंधात्मक आदेश में संपूर्ण जिले में रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउड स्पीकर एवं ध्वनि विस्तार यंत्रों का सार्वजनिक उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया । आदेश में कहा गया है कि सक्षम प्राधिकारी की अनुमति प्राप्त कर सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम-1985 तथा ध्वनि प्रदूषण (विनियम और नियंत्रण) नियम 2000 के प्रावधान के तहत ध्वनि मानक 10 डेसीबल या कुल क्षमता का 1/4 वाल्यूम में से जो कम हो पर ध्वनि विस्तार यंत्रों का उपयोग किया जा सकेगा । आदेश के मुताबिक वाहन पर ध्वनि विस्तार यंत्र के उपयोग की स्थिति में वाहन का पंजीयन, वैध ड्रायविंग लायसेंस, बीमा, फिटनेस आदि दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। यदि चलित वाहन में लाउड स्पीकर का प्रयोग किया जाता है तो उपयोग में लाये जाने वाले मार्ग अथवा क्षेत्र का विवरण प्रस्तुत करना भी जरूरी होगा। प्रतिबंधात्मक आदेश में स्पष्ट किया गया है कि शासकीय विश्राम भवन, न्यायालय, चिकित्सालय, कलेक्ट्रेट, जेल, विद्यालय, शासकीय कार्यालय, पुलिस थाना, बैंक, दूरसंचार तथा अन्य क्षेत्र जो अन्यथा घोषित किए जाये आदि से 200 मीटर की परिधि में ध्वनि विस्तार यंत्रों के प्रयोग की अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी।

# टिकिट चेकिंग से फरवरी माह में 1 लाख 43 हजार मामले पकड़े

**दैनिक रेवांचल टाइम्स जबलपुर।** यात्री गाड़ियों एवं स्टेशनों पर समय-समय पर चलाए गए टिकट जांच अभियानों में जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों पर फरवरी 2024 में कुल 01 लाख 43 हजार मामले पकड़े और अतिरिक्त किराया एवं जुमार्ना सहित कुल 08 करोड़ 45 लाख रूपए का राजस्व अर्जित किया, जो गत वर्ष इसी अवधी में अतिरिक्त किराया एवं जुमार्ना सहित कुल 07 करोड़ 89 लाख रूपए राजस्व की तुलना मे 07 प्रतिशत अधिक है। मुख्यालय सीसीएम स्कॉड द्वारा मुख्यालय के टिकट निरीक्षकों ने टिकिट जाँच अभियान से बिना टिकिट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध लगभग 03 हजार प्रकरण से रेलवे ने 15 लाख रुपये से अधिक का जुमार्ना यात्रियों से वसूल किया है। जबलपुर मण्डल के टिकट निरीक्षकों ने टिकिट जाँच अभियान से बिना टिकिट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 50 हजार प्रकरण से रेलवे ने 03 करोड़ 38 लाख रुपये का जुमार्ना यात्रियों से वसूल किया है। भोपाल मण्डल द्वारा मंडल के टिकट निरीक्षकों ने टिकिट जाँच अभियान से बिना टिकिट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध लगभग 50 हजार प्रकरण से रेलवे ने 03 करोड़ 02 लाख रुपये का जुमार्ना यात्रियों से वसूल किया है।

# थाना संजीवनी नगर के संवेदनशील क्षेत्र में किया गया फ्लैग मार्च



**दैनिक रेवांचल टाइम्स जबलपुर।** लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुये मतदान शांति पूर्वक सौहाद्रपूर्ण वातावरण मे सम्पन्न कराये जाने हेतु आज शाम 6 बजे पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में थाना संजीवनी नगर के संवेदनशील क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च में वैस्ट बंगाल की एस.एस.बी. की 53 वीं बटालियन की 1 कम्पनी के साथ नगर पुलिस अधीक्षक गोरखपुर श्री एच.आर. पाण्डेय, थाना प्रभारी संजीवनी नगर श्री रमेंश कुमार नर्रे एव थाना प्रभारी गढा श्री नीलेश दोहरे, चौकी प्रभारी धनवंतरी नगर उप निरीक्षक विनोद पाठक थाना गढा एवं संजीवनी नगर के बल के साथ मौजूद रहे। फ्लैग मार्च गुलौआ चौक से प्रारम्भ होकर संजीवनी नगर, शाहीनाका , पण्डा की मढिया, लाल बिल्डिंग चौक होते हुये धनवंतरी नगर चौक में समाप्त हुआ। पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य प्रताप सिंह ने बताया कि मतदान शांतिपूर्वक एवं सुव्यवस्थित तरीके से हो, और मतदाताओं को इस बात की पूरी स्वतंत्रता हो कि वे बिना किसी डर/भय/परेशानी के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें, इस हेतु फ्लैग मार्च कराया जा रहा है, इसके साथ ही असामाजिक तत्वों को संदेश देना है कि यदि किसी भी प्रकार की कोई अनैतिक गतिविधि को अंजाम देने का प्रयास किया गया तो कड़ी से कड़ी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जायेगी, किसी को भी बख्शा नहीं जायेगा।

## दिव्यांग बना रहे हर्बल गुलाल...



**दैनिक रेवांचल टाइम्स जबलपुर।** यह जानकारी देते हुए विकलांग सेवा भारती की प्राचार्य पुष्पा ठाकुर नीतू चौधरी ने बताया हर साल की तरह इस ब'र भी दिव्यांग मानसिक मंद छात्राएं हर्बल गुलाल का निर्माण कर रही हैं जिससे वे स्वाबलम्बी और आत्म निर्भर बन सके। संस्था द्वारा हाई कोर्ट, स्कूल कालेज में स्वनिर्मित हर्बल गुलाल के स्टाल भी लगाए जाते हैं।

# अवैध सामग्री व असामाजिक तत्वों की आवाजाही पर निगरानी रखें : जिला निर्वाचन अधिकारी

**दैनिक रेवांचल टाइम्स जबलपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना ने आज लोक सभा निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिये स्थैतिक निगरानी दल की बैठक आयोजित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्थैतिक निगरानी दल का महत्वपूर्ण दल है जिसमें एक मजिस्ट्रेट, चार पुलिस कर्मी और एक वीडियोग्राफर होंगे। जो अवैध सामग्री, असामाजिक तत्वों की आवाजाही पर निगरानी रखेंगे। उन्होंने जांच के दौरान संपूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में करने के निर्देश दिये। साथ ही प्रतिदिन वीडियो रिकॉर्डिंग की सूची आरओ को सौंपने को कहा। कोई भी व्यक्ति 300 रुपए जमा कर वीडियो सीडी की प्रति प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि 50 हजार या अधिक राशि किसी अभ्यर्थी या उसके ऐजेंट, पार्टी कार्यकर्ता को ले जाने वाले वाहन में या पोस्टर, निर्वाचन सामग्री, ड्रग्स, शराब, हथियार अथवा 10 हजार रुपए से अधिक ऐसी उपहार सामग्री ले जायी जा रही है जिसका इस्तेमाल निर्वाचकों को प्रलोभन में इस्तेमाल की संभावना है, को जप्त किये जाने की शर्त के अधीन होगी। उन्होंने स्थैतिक निगरानी दल के सदस्यों को सामान या वाहन की जांच करते समय मर्यादित

## स्थैतिक निगरानी दल की बैठक संपन्न

आचरण करने के निर्देश दिये। साथ ही कहा कि यदि कोई स्टार प्रचारक अनन्य रूप से अपने व्यक्तिगत उपयोग के लिये एक लाख रुपए तक की नगदी ले जा रहा है या कोई दलीय पदाधिकारी दल के कोषाध्यक्ष के उस प्रमाणपत्र जिसमें धनराशि और उसके अभिप्रेत उपयोग का उल्लेख किया हो के साथ नगदी ले जा रहा है तो एसएसटी टीम में प्राधिकारीगण प्रमाण पत्र की एक प्रति रख लेंगे और नगदी जप्त नहीं करेंगे। यदि वाहन में 10 लाख से अधिक नगदी पायी जाती है तो किसी अपराध से जुड़े होने या किसी अभ्यर्थी या अभिकर्ता या दलीय पदाधिकारी सहलग्नता का कोई संदेश नहीं होता है तो एसएसटी टीम नगदी जप्त नहीं करेगी और आयकर कानूनों के अंतर्गत आवश्यक कार्यवाही करने के लिये आयकर प्राधिकारी को सूचना देगी। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान अपराध के होने की आशंका होने पर एसएसटी के प्रभारी पुलिस अधिकारी द्वारा सीआरपीसी के प्रावधान अनुसार जप्ती की जायेगी और मजिस्ट्रेट या पुलिस प्रभारी द्वारा 24 घंटे के भीतर क्षेत्राधिकार वाले न्यायालय में एफआईआर दर्ज की जायेगी। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि जप्ती की डबल एंट्री न हो इसपर ध्यान दें, संबंधित क्षेत्र के अधिकारी एसएसटी दल के लिये टेंट व पानी की व्यवस्था करेंगे। साथ ही वीडियोग्राफर के लिये चार्जिंग की सुविधा सुनिश्चित करेंगे। इस दौरान बताया गया कि टीम के सभी सदस्य इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम ईएसएमएस एप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर उसे लॉगइन कर लें।

# रामलीला मैदान में स्वच्छता श्रमदान एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन




**दैनिक रेवांचल टाइम्स जबलपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निदेर्शानुसार आज लालमाटी संभाग क्र. 09 के सिद्ध बाबा वार्ड क्र. 48 में स्थित संभागीय कार्यालय से स्वच्छता रैली एवं स्वच्छता श्रमदान गतिविधि कार्यक्रम का का प्रारंभ किया गया जो की कांचघर चुंगी चौकी होते हुए वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए रामलीला मैदान में समाप्त हुई, जिसमें संभाग के मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक संतोष माहोर एवं स्वास्थ्य निरीक्षक नितिन श्रीवास्तव के साथ साथ संभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी की उपस्थिति में वार्ड के विभिन्न व्यापारिक क्षेत्रों एवं रहवासी क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सभी को स्वच्छता के लिए जागरूक एवं प्रेरित किया गया एवं नगर पालिक निगम एवं शासन की योजनाओं का लाभ एवं उनकी जानकारी दी गई एवं आम नागरिकों के समस्यों का उनके द्वार पर जाकर उनका निराकरण भी किया गया। स्वच्छता रैली के दौरान जगह-जगह रुक कर एवं रामलीला मैदान में स्वच्छता श्रमदान कर एवं नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति के माध्यम से उपस्थित व्यापारिक संगठन, दुकानदारो, रहवासियों, आम नागरिको, राहगीरों को अपनी दुकान एवं घर से निकलने वाले कचरे को नगर निगम की कचरे वाली गाड़ी में ही देने के लिए आग्रह कर स्वच्छता के बारे में जागरूक कर उन्हें स्वच्छता की शपथ दिलवाई। सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक संतोष माहोर, अगस्ते वर्मा, स्वास्थ्य निरीक्षक नितिन श्रीवास्तव, वार्ड सुपरवाइजर गोविन्द एवं विष्णु, एवं संभाग के सभी विभाग के कर्मचारी की उपस्थिति में रामलीला मैदान के आस-पास के सभी आम नागरिको, दुकानदारों, एवं राहगीरों को सिंगल यूज प्लास्टिक एवं सेप्टिक टैंक की नियमित सफाई न होने एवं नियमानुसार न बनाने से वाली बीमारियों के संबंध में बताया गया इसके साथ ही स्वच्छता रैली में संभाग के सभी विभागों के कर्मचारी भी उपस्थित रहे रैली मार्ग में आने वाले सभी आम नागरिकों की समस्याओं को सुनने के पश्चात उनका निराकरण किया गया एवं शासन की योजनाओं की जानकारी एवं उनका लाभ भी आम नागरिकों को इस अभियान के माध्यम से दिया गया अभियान में सभी नागरिकों से अपनी दुकान एवं घर से निकलने वाले कचरे को नगर निगम की कचरे वाली गाड़ी में ही देने के लिए आग्रह किया गया साथ ही साथ प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन एवं पौधारोपण हेतु भी सभी से आग्रह किया गया अंत में सभी को जबलपुर एवं भारत देश को स्वच्छ बनाने हेतु स्वच्छता की शपथ दिलवाई गई।

# रेलकर्मी-बेटे मर्डर के आरोपी का पिता अस्पताल में भर्ती

## घर खाली कराने के लिए देंगे नोटिस; लड़की ने मां के मोबाइल से किया पुणे में पेमेंट



**दैनिक रेवांचल टाइम्स जबलपुर।** रेलवे अफसर और उनके 8 साल के बेटे की हत्या को चार दिन बीत चुके हैं। आरोपी लड़की और उसका बॉयफ्रेंड पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। आरोपी के पिता सोमवार सुबह अचानक अस्पताल में भर्ती हो गए। इधर, आरोपी के पिता से सरकारी आवास खाली कराया जाएगा। उन्हें नोटिस दिया जाएगा।लड़की के पास अपनी मां का मोबाइल एक्टिव है। पुलिस इसे लगातार ट्रैक कर रही है। इसी मोबाइल से उसने महाराष्ट्र में पुणे के रेस्टोरेंट में ऑनलाइन पेमेंट किया था। इसके बाद मोबाइल स्विच ऑफ आने लगा। सोमवार को जबलपुर पुलिस की टीम पुणे पहुंची। आरोपियों की तलाश के लिए स्थानीय पुलिस की भी मदद ले रही है। सूत्रों के मुताबिक आरोपी ने एक सप्ताह पहले ऑनलाइन दो चाकू भी मंगाए थे। इनमें से एक चाकू बरामद कर लिया गया। आशंका है कि आरोपी दूसरे को अपने साथ ले गया है। पिता का शव किचन में, भाई का फ्रिज में, बेटी गायबजबलपुर की मिलेनियम कॉलोनी निवासी 52 साल के राजकुमार विश्वकर्मा रेलवे में कार्यालय अधीक्षक थे। पत्नी आरती की मौत के बाद 16 साल की बेटी और 8 साल के बेटे तनिष्क के साथ रहते थे। शुक्रवार सुबह 8 बजे बेटी ने भोपाल में रहने वाली चचेरी बहन को वॉयस मैसेज किया था। इसमें कहा- पड़ोस में रहने वाले मुकुल सिंह ने पिता और भाई को मार डाला है। दोपहर 3 बजे पुलिस आरपीएफ के साथ मौके पर पहुंची। यहां किचन में राजकुमार खून से लथपथ पड़े थे। बॉडी पॉलीथिन से कवर थी। वहीं, बेटे का शव फ्रिज में पॉलीथिन और चादर से ढंका था। बेटी गायब थी। शनिवार को पिता-पुत्र का पोस्टमॉर्टम के बाद अंतिम संस्कार कर दिया गया। बाद में सामने आया कि बेटी बॉयफ्रेंड मुकुल सिंह के साथ फरार हैं।

**अपनी मां का मोबाइल चला रही लड़की :** अपनी मां की मौत के बाद आरोपी लड़की उनका मोबाइल चला रही है। इसी मोबाइल को वह अपने साथ ले गई है। हालांकि 15 मार्च को वारदात के बाद से ही मोबाइल स्विच ऑफ है। पुलिस ने फोन को सर्विलांस पर डाला है। वह खुद का मोबाइल घर छोड़ गई। पता चला कि सोमवार को पुणे में रेस्टोरेंट में इसी की मदद से ऑनलाइन पेमेंट किया गया था। इसके बाद फिर मोबाइल बंद हो गया। सप्ताहभर पहले ऑनलाइन मंगवाए थे चाकूपुलिस को जानकारी मिली है कि दोनों ने हत्या की प्लानिंग एक हफ्ते पहले ही कर ली थी। मुकलसिंह ने हफ्तेभर पहले ही ऑनलाइन दो चाकू भी मंगाए थे। रविवार को पुलिस ने एक चाकू मुकुल सिंह के गैरेज के पास से बरामद किया, जबकि दूसरा चाकू नहीं मिला है। आशंका है कि दूसरे को मुकुल बैग में रखकर ले गया है।

**आरोपी के पिता अस्पताल में भर्ती हुए :** मुकुल सिंह के पिता आरपी सिंह 15 मार्च की शाम तक तो कुछ देर तक दिखे। बाद में वे लापता हो गए। इधर, आरोपी की बहन भी लापता है। आरोपी भाई को पुलिस ने अपनी अभिरक्षा में लिया है। आरपी सिंह सोमवार सुबह 9:20 बजे रेलवे अस्पताल पहुंचे। यहां हार्ट की समस्या बताकर भर्ती हो गए। डॉक्टरों के मुताबिक आरपी सिंह को हार्ट के मरीज हैं। तबीयत बिगड़ने पर उन्हें भर्ती किया गया है।

**सरकारी आवास खाली करवाया जाएगा :** वारदात के बाद मिलेनियम कॉलोनी में मातम और आक्रोश है। कॉलोनी के निवासियों ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सोमवार को वेस्ट सेंट्रल रेलवे इम्पलाई यूनियन के कर्मचारी नेताओं ने डीआरएम विवेक शील से मुलाकात की। डीआरएम का कहना है कि इस घटना ने विभाग को शर्मसार किया है। आरोपी के पिता आरपी सिंह से सरकारी खाली करवाने की तैयारी की जा रही है। जल्द ही उन्हें नोटिस दिया जाएगा।

**कर्मचारी भी हुए लामबंद :** यूनियन के अध्यक्ष बीएन शुक्ला का कहना है कि राजकुमार मिलनसार थे। वारदात के बाद से कॉलोनी का वातावरण खराब हो गया है, जिसे ठीक करने की जरूरत है। डीआरएम ने आश्वासन दिया है कि भविष्य में ऐसा नहीं हो, इसके लिए कर्मचारियों और उनके परिवार वालों से बात की जा रही है। जल्द ही, इस संबंध में एक्शन लिया जाएगा।

**पॉक्सो एक्ट के बाद डीआरएम ने फटकारा था :** सितंबर 2023 में जब राजकुमार की बेटी को मुकुल सिंह जबरन ले गया था। पुलिस ने दो दिन में दोनों को पकड़ लिया था। पुलिस ने मुकुल सिंह के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया था। करीब 15 दिन बाद उसकी जमानत हो गई थी। हाई कोर्ट ने सीनियर वकील मनीष दत्त की दलील के बाद मुकुल सिंह को जमानत दी गई थी। अधिवक्ता मनीष दत्त का कहना है कि मुकुल सिंह को पुलिस ने धारा 376 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा था। सुनवाई हुई तो पाया कि लड़की मैच्योर थी। सहभागिता के बाद ही उसने कदम उठाया था। बाद में डीआरएम विवेक शील ने लड़की और मुकुल के पिता राजकुमार और आरपी सिंह को केबिन में बुलाकर फटकार लगाई थी।

# बारिश, ओलावृष्टि ने मधुभगत को विधानसभा में किया सक्रिय

## किसानों का दर्द जानने तहसीलदार संग किया निरीक्षण





**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** बालाघाट जिले में लगातार तीन दिन से बे मौसम बारिश के चलते किसानों को भारी छती का सामना करना पड़ा है बारिश एवं ओलावृष्टि के बाद परसवाड़ा विधानसभा में मधु भगत को सक्रिय कर दिया है क्षेत्र वासियों का यह कहना था कि विधायक बनने के बाद वह क्षेत्र का भ्रमण नहीं कर रहे हैं जिससे लोगों के द्वारा विधायक मधु भगत पर तंज भी कसा जा रहा था परंतु 3 दिन से जिले के अनेको स्थान में बेहिसाब बारिश के साथ-साथ ओलावृष्टि भी हुई जहां पर बेर के आकार के ओले गिरने के कारण किसानों को फसलों में भारी नुकसान का सामना करना करना पड़ा। जिसके बाद किसानों का दर्द जानने प्रमुखता से मधु भगत की सक्रियता देखी जा रही है बता दे की जिले सहित लामता तहसील के अंतर्गत बे मौसम बारिश एवं ओलावृष्टि से किसानो की फसल प्रभावित हुई है बारिश एवं ओलावृष्टि से प्रभावित ग्रामों का विधायक मधुभगत ने दौरा कर बेमौसम बारिश से किसानों की फसल, गेहूं, चना इत्यादि का जायजा करने पहुंचे विधायक मधु भगत सहित लामता तहसील के तहसीलदार कृष्णा नायक राजस्व निरीक्षक के साथ लामता एवं चागोटोला क्षेत्र का दौरा किया गया क्षेत्र के दर्जनों किसानों का दर्द जानकर लामता तहसीलदार कृष्णकुमार नायक को ओलावृष्टि से फसलों को क्षति का निरीक्षण कराया गया विधायक भगत ने तहसीलदार लामता को ओला वृष्टि से हुए समस्त किसानों के खेत में लगी फसल का निरीक्षण कराकर फसल क्षति का आकलन करते हुए अधिक से अधिक फसल क्षति का प्रकरण तैयार कर शासन के अनुसार मुवाजा का लाभ किसानों को दिलाने के लिए कहा।



### ओलावृष्टि के बाद अचानक सक्रिय हुए मधु भगत

बे मौसम बारिश एवं ओलावृष्टि से किसानों की फसल छती होने के कारण अब परसवाड़ा विधानसभा के विधायक मधु भगत की सक्रियता विधानसभा में देखी जा रही है किसानों का दर्द जानने वह स्वयं अपने साथियों एवं कार्यकर्ताओं संग लामता तहसीलदार सहित हल्का पटवारी को लेकर लामता चांगोटोला क्षेत्र के दर्जनों किसानों के खेत में जाकर फसल का निरीक्षण कर रहे हैं और फसल नुकसान को देखकर तत्काल तहसीलदार, पटवारी को मुआवजा बनाने की हिदायत भी देते दिख रहे हैं। ऐसे में किसानो का दर्द जानने पहुंचे विधायक भगत की प्रशंसा भी की जा रही है बता दें कि पूर्व में विधायक की सक्रियता को लेकर विधानसभा में लोगों के द्वारा सवाल खड़े किए जा रहे थे परंतु बारिश के बाद अचानक मधु भगत की सक्रियता की चारों ओर प्रशंसा की जा रही है, जिस पर अब ग्रामीण किसानों की ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसल के मुआवजा की ओर आश है।

### इनका कहना है



परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के घघरिया, गुडरू, सकरी, देवसर्रा का दौरा कर किसानों को आश्वस्त किया है की प्राकृतिक आपदा ओला वृष्टि से जिन किसानों की फसल नस्ट हुए है उन्हे राजस्व विभाग के पटवारियों द्वारा फसल क्षति का आकलन कर आर बी सी 6-4 के तहत फसल क्षति का प्रकरण तैयार कर शासन अनुसार मुआवजा दिया जाए।

**परसवाड़ा विधायक मधुभगत**



विधायक मधुभगत के साथ ओलावृष्टि से प्रभावित गांव का भ्रमण कर फसल का निरीक्षण करते हुए फसल क्षति का आकलन कर समस्त पटवारियों को अपने अपने हल्के के किसानों के खेत जाकर फसल क्षति का आकलन निर्देशित किया गया। हालाकि फसलों को देखने के बाद प्रतित होता है कि 15 प्रतिशत फसल को नुकसान हुआ है।

**तहसीलदार लामता कृष्ण कुमार नायक**

# बैगा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में नव भारत साक्षरता का सफल आयोजन





**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।**

बिरसा क्षेत्र में साक्षरता दर बढ़ाने 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के निरक्षरों हेतु उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत जनपद शिक्षा केन्द्र बिरसा जिला बालाघाट में राज्य शिक्षा केंद्र के आदेशानुसार 17 मार्च को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक 117 केन्द्रों में 1826 निरक्षरों द्वारा परीक्षा दी गई थी जिसमें विशेष रूप से बैगा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र सोनगुड्डा, डाबरी, मछुरदा में निरक्षरों द्वारा अधिक संख्या में भाग लिया गया था। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों मे मुलभुत साक्षरता एवं संख्यात्मकता का ज्ञान कराना, शिक्षा के प्रति समाज में जागरूकता लाने के साथ डिजीटली साक्षरता प्रदान करना है इसी कारण से विकासखण्ड बिरसा में अनेक चेतना केन्द्रों के माध्यम से अक्षर साथियों द्वारा निशुल्क पठन पाठन करवाकर निरक्षरों को साक्षर बनाने सतत प्रयास किया जा रहा है इस कार्यक्रम के सफल बनाने विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक नंदकिशोर टेकाम, समस्त संकुल प्राचार्य, विकासखण्ड सह समन्वयक साक्षरता संजय परिमल सहित समस्त जनपद शिक्षा केन्द्र के नोडल अधिकारी, कर्मचारी, प्रधानपाठक, बीएसी, जनशिक्षक सहित शिक्षा विभाग के समस्त कर्मचारियों अधिकारियों का योगदान रहा।

# कंकर मुंजारे को बनाया जाए प्रत्याशी- सुरेन्द्र खोबरागड़े



**दैनिक रेवांचल टाइम्स कटंगी।** निर्वाचन आयोग ने चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र में पहले चरण में मतदान होगा। भाजपा ने बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र से भारती पारधी को अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं कांग्रेस में प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया अब भी विचाराधीन है। कांग्रेस में कई दावेदारों ने आला कमान के पास अपनी दावेदारी पेश की है। दावेदारों में एक नाम पूर्व सांसद कंकर मुंजारे का नाम भी है। जिन्होंने अभी हाल ही में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय से मुलाकात की है। उन्होंने कांग्रेस से टिकट दिए जाने की पेशकश की है। वहीं कंकर मुजारे के समर्थक सुरेन्द्र खोबरागड़े ने भी कांग्रेस से उन्हें प्रत्याशी बनाए जाने की मांग रखी है। सुरेन्द्र खोबरागड़े ने कहा कि भाजपा उम्मीदवार को हराने के लिए कंकर मुंजारे ही सबसे योग्य और सक्षम व्यक्ति है। कांग्रेस को अगर संसदीय क्षेत्र में अपनी जीत सुनिश्चित करती है तो कंकर मुंजारे को ही उम्मीदवार बनाना चाहिए। उन्हें ना सिर्फ कटंगी विधानसभा बल्कि समूचे संसदीय क्षेत्र से भारी मत प्राप्त होंगे। कंकर मुंजारे ने बालाघाट जिले में गरीबों की आवाज बनने का काम किया है।

## लोकसभा निर्वाचन 2024 का प्रथम रेंडमाईजेशन 21 मार्च को

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के आदेशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी का प्रथम रेण्डमाईजेशन 21 मार्च को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक कलेक्ट्रेड वीसी कक्ष में किया जाना है। जिसके लिये समस्त राजनितिक पार्टी व अभ्यर्थियों को सूचित किया गया है।

# 10 हजार को पोस्टल बैलेट और 15 हजार को ईडीसी जारी होंगे

## निर्वाचन में लगे नोडल अधिकारियों ने प्रस्तुत की निर्वाचन योजना



**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने मंगलवार को करीब 12 नोडल अधिकारियों के साथ निर्वाचन सम्पन्न कराने की योजना को अंतिम रूप दिया। इसमें मतदाता जागरूकता अभियान के सम्बंध में बताया गया कि पिछले विधानसभा में जिन मतदान केंद्रों पर कम मतदान हुआ है। वहा तथा पूरे जिले में अलग-अलग विभागों के साथ मिलकर प्लानिंग की गई है। साथ ही इस बात पर भी विचार किया गया कि जिस मतदान केंद्र पर 100 प्रतिशत मतदान होगा वहां के प्रभारी को स्वीप के तहत सम्मानित किया जाएगा। कम्युनिकेशन नोडल अधिकारी को निर्देश दिए गए है कि कंट्रोल रूम और कम्युनिकेशन टीम का तालमेल बनाया जाये। ताकि त्वरित जानकारी मिल सके। साथ ही दल के शामिल कर्मियों के मोबाइल नम्बर्स का सत्यापन कार्य जल्द से जल्द करे। आईटी नोडल अधिकारी द्वारा सुविधा एप्प पर राजनीतिक दलों और अभ्यर्थियों सहित अन्य नागरिकों के लिए सुलभ कराने के निर्देश दिए गए है। जबकि सी-विजिल एप्प का उपयोग के लिए सम्बंधित एफएसटी और एसएसटी दलों को भी प्रशिक्षित किया जाय।

### प्रथम चरण में संसदीय क्षेत्र के आरओ द्वारा फॉर्म-12 भेजा जाएगा

पोस्टल बैलेट/ ईडीसी नोडल अधिकारी राजेश खोबरागड़े ने पीपीटी के माध्यम से पोस्टल बैलेट और ईडीसी जारी करने की प्रक्रिया और अब तक कि गई तैयारी तथा आगे की जाने वाली कार्यवाहियों के सम्बंध में बताया। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण के मतदान वाले संसदीय क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारी द्वारा दूसरे संसदीय क्षेत्र के मतदाता अधिकारी जो अन्य संसदीय क्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात है। उन्हें फॉर्म-12 के साथ ड्यूटी आदेश के साथ सम्बंधित आरओ के भेजेंगे। जैसे-छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र में निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारी जिसका नाम बालाघाट की मतदाता सूची में शामिल है। तो छिंदवाड़ा के आरओ द्वारा फॉर्म-12 व ड्यूटी आदेश के साथ भेजेंगे। इसी तरह बालाघाट में निर्वाचन कार्य कर रहे अधिकारी अगर प्रथम चरण के मतदान वाले संसदीय क्षेत्र के मतदाता है तो बालाघाट के रिटर्निंग अधिकारी द्वारा फॉर्म-12 व ड्यूटी आदेश के साथ सम्बंन्धित आरओ को भेजेंगे। इसके पश्चात सम्बंधित आरओ संसदीय क्षेत्र का मतपत्र इस अधिकारी को जारी करेंगे। अधिकारी द्वारा उस मतपत्र का उपयोग तैनाती वाले जिले में स्थापित सुविधा केंद्र में कर सकेंगे। जिसे सम्बंधित जिले के आरओ द्वारा विशेष वाहन व सुरक्षा के साथ सम्बंधित संसदीय क्षेत्र में भेजेंगे।

### करीब 15 हजार ईडीसी जारी होंगे

पोस्टल बैलेट/ईडीसी के सहायक नोडल अधिकारी ठाकरे ने बताया कि ईडीसी ऐसे शासकीय सेवक मतदाता को जारी किए जाएंगे। जो उसी संसदीय क्षेत्र के मतदाता है लेकिन मतदान के दिन अपनी ड्यूटी पर होंगे। उन्हें प्रारूप-12-क में जानकारी प्रस्तुत करना होगी। ऐसे करीब 15 हजार शासकीय सेवक हो सकते है। इसके अलावा प्रारूप-12-डी उन शासकीय सेवकों, और 85 वर्ष से अधिक आयु तथा दिंव्यांग मतदाता को जारी होंगे। जो मतदान केंद्र पर जाकर मतदान उसी दिन नही कर सकते है। ऐसे शासकीय सेवक अनिवार्य वोटर्स इलेक्शन सर्विस में आएंगे। जिसमें वाहन चालक, एमपीईबी, फायर ब्रिगेट और स्वास्थ्य सेवा ले शासकीय सेवक होंगे। प्रारूप- 12 डी जिन्हें जारी हो सकते है ऐसे सभी वर्ग कर 8 से 10 हजार होंगे। पोस्टल बैलेट 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता के अलावा, दिव्यांगजन मतदाता और अनिवार्य सेवा वाले शासकीय अमले को जारी होंगे।

# 60 पंचायतों के सरपंच सचिवों व जीआरएस ने ली मतदान शपथ







**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश मिश्रा, जिला स्वीप नोडल अधिकारी व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिपं डीएस रणदा के मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधियों का आयोजन जि़ले में किया जा रहा है। जिसका प्रारंभ मंगलवार से जनपद पंचायत वारासिवनी के सभी कर्मचारियों को मतदान संबंधी शपथ दिलाकर किया गया। सीईओ रणदा द्वारा मंगलवार को कोचेवाही बैगा परिवार को मतदान करने की शपथ दिलाई गई जिसमे ब्लॉक स्तर से उपयंत्री ब्लॉक समन्वयक पीएम आवास एडीईओ तथा पंचायत पदाधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत सभी 60 ग्राम पंचायतों में सरपंच, सचिव, जीआरएस एवम ग्राम वासियों को स्वतंत्र, निष्पक्ष व निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु शपथ दिलाई गई। कायक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री दीक्षा जैन, एनआरएलएम टीम, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी उपस्थित रहें।

# नहलेसरा जलाशय में डूबने से मछुआरे की मौत



**दैनिक रेवांचल टाइम्स कटंगी।** क्षेत्र की मध्यम सिंचाई परियोजना नहलेसरा जलाशय में डूबने से एक मछुआरे की मौत हो गई। घटना मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे के आस-पास की बताई जा रही है। मिली जानकारी अनुसार कोड़मी निवासी अशोक देवगड़े मत्स्यखेट करने के लिए मंगलवार की सुबह अपने कुछ साथियों के साथ नहलेसरा जलाशय आए हुए और जलाशय के अलग-अलग हिस्से में मत्स्यखेट कर रहे थे। जब कुछ साथी मत्स्यखेट करने के बाद बाहर आए तो देखा कि अशोक देवगड़े का शव पानी में तैर रहा है तो उसे बाहर निकाला गया परंतु तब तक अशोक की मौत हो गई थी। बताया जा रहा है कि अशोक देवगड़े का बांया हाथ ठीक से काम नही करता था। संभवत ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि अशोक ने पानी में डूबने के बाद स्वयं को बचाने की कोशिश की होगी किन्तु हाथ ठीक तरीके से काम नहीं करने की वजह से वह पानी में तैर नहीं पाया और डूब गया। जिससे मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। जिसमें शव बरामद कर पंचनामा कार्रवाई करने के बाद शव का पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है।



## तिरोड़ी में महिला बाल विकास विभाग के अमले ने बाल विवाह रुकवाया

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कटंगी को हीरापुर तहसील तिरोड़ी में बाल विवाह आयोजन की सूचना प्राप्त हुई। सूचना प्राप्त होते ही महिला एवं बाल विकास विभाग के टीम ने पहुंचकर बाल विवाह से सम्बंधित जांच की गई। जांच में पाया गया कि बालिका की उम्र 18 वर्ष से कम है। परियोजना अधिकारी पुष्पेंद्र रानाडे सरपंच खरपड़िया इंद्रपाल पटले, पर्यवेक्षक आशिमा बनर्जी ब्लॉक समन्वयक संतोष नन्दनवार व आगनवाड़ी कार्यकर्ता ओमा टेम्भूरकर और ग्राम वासियों ने बालिका के माता पिता को समझाइश दी। बालिका केई आयु 15 वर्ष 2 माह होना पायी गई। उन्हें बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधान बताए गए। समझाइश के बाद माता पिता ने 18 वर्ष की आयु के बाद ही विवाह करने की सहमति दी। दल द्वारा मौके पर पंचनामा बनाया गया।

# उत्कृष्ट विद्यालय बैहर के प्रवेश परीक्षा फॉर्म का वितरण प्रारंभ 29 अप्रैल को होगी प्रवेश परीक्षा

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बैहर में कक्षा नवमी में प्रवेश के लिये होने वाली प्रवेश परीक्षा का फॉर्म मिलना प्रारंभ हो गए है। इस विषय में जानकारी देते हुए संस्था के प्राचार्य आलोक कुमार चौरे ने बताया कि उत्कृष्ट विद्यालय बैहर में आगामी शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए कक्षा नवमी में प्रवेश हेतु छात्र छात्राओं को प्रवेश परीक्षा देनी होगी जिसके प्रवेश आवेदन फॉर्म विद्यालय से कार्यालय समय मे लिए जा सकते है। कक्षा नवमी की प्रवेश परीक्षा आगामी 29 अप्रैल को विद्यालय में ही आयोजित की जाएगी। इसके अतिरिक्त चौरे ने बताया कि माध्यमिक कक्षाओं छटवीं सातवी एवं आठवीं में तथा कक्षा ग्यारहवीं में गणित, विज्ञान, वाणिज्य, कृषि एवं कला विषयो में छात्र छात्राओं को प्रवेश मिलेगा जिसके लिए कोई प्रवेश परीक्षा नही होगी। साथ ही शाला में प्रवेशित अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के छात्र छात्राओं को वरीयता के आधार पर उत्कृष्ट छात्रावास, अनुसूचित जाति सीनियर छात्रावास, सीनियर आदिवासी छात्रावास एवं जूनियर छात्रावास में प्रवेश दिया जाएगा वही खिलाड़ी छात्रों को क्रीड़ा परिसर में चयन प्रक्रिया के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा।


## संपादकीय

### चुनावी बॉन्ड काला धन कैसे ?

चुनावी बॉन्ड को सर्वोच्च अदालत असंवैधानिक करार दे चुकी है और उन पर रोक भी लगा दी गई है, लिहाजा यह अध्याय यहीं समाप्त हो जाना चाहिए था। अब चुनाव आयोग अपनी वेबसाइट पर वे ब्योरे जारी कर रहा है, जो भारतीय स्टेट बैंक ने भेजे हैं और जारी करने का आदेश सर्वोच्च अदालत का है। कांग्रेस समेत विपक्ष के दल इस चुनावी चंदे को बहुत बड़ा घोटाला चित्रित कर रहे हैं, जो हास्यास्पद राजनीति है। यदि बॉन्ड के जरिए फरवरी, 2024 तक करीब 7700 करोड़ रुपए का चंदा भाजपा को मिला है, तो नवम्बर, 2023 तक 1334.35 करोड़ रुपए का चंदा कांग्रेस के हिस्से भी आया है। गणना कर लें कि फरवरी, 2024 तक कितना पैसा कांग्रेस के खजाने तक पहुंचा होगा! सूची में दूसरा स्थान तृणमूल कांग्रेस का है, जिसे 1397 करोड़ रुपए का चंदा मिला है। एक क्षेत्रीय दल को इतना चंदा! सूची में बीआरएस, बीजद, द्रमुक, वाईएसआर कांग्रेस, टीडीपी, राजद, एनसीपी, सपा, अकाली दल, अन्नाद्रमुक आदि क्षेत्रीय दल भी हैं, जिन्हें उनकी हैसियत के मुताबिक करोड़ों में चंदा दिया गया है। क्या कांग्रेस समेत वे सभी दल घोटालेबाज हैं? चुनावी बॉन्ड पर शीर्ष अदालत के फैसले पर कोई सवाल नहीं, अलबत्ता देश का बौद्धिक और जागरूक वर्ग कमोबेश चिंतन कर सकता है कि ऐसा चुनावी चंदा ह्यघोटालाह्ण कैसे माना जा सकता है? विश्व में ऐसा कोई देश नहीं है, जहां राजनीतिक दलों को चंदा न दिया जाता हो। जहां आम चुनाव के लिए सरकारें आर्थिक संसाधन मुहैया कराती हैं, वहां भी औद्योगिक घराने और वैचारिक तौर पर जुड़ी आम जनता चुनावी चंदे देती रही है। यह एक सार्वजनिक परंपरा और प्रक्रिया है। औसत करदाता को आयकर या अन्य कर-योग्य संपदा में छूट भी मिलती है, लिहाजा देश की आजादी और संविधान को ग्रहण करने के बाद चंदा देने की परंपरा रही है। इस चंदे के संदर्भ में काला धन का खूब शोर मचाया जा रहा है, लेकिन जो पैसा देश के बुनियादी ढांचे के विकास और जन-कल्याण की परियोजनाओं में निवेश किया जाता रहा है, उस आर्थिक स्रोत को काला धन करार कैसे दिया जा सकता है? दरअसल चुनावी बॉन्ड के तौर पर व्यक्ति, संस्थान, औद्योगिक ईकाई और समूह जितना पैसा निवेश करते हैं, वह अनिवार्य रूप से उनके खातों में दिखाया जाता है। जिन राजनीतिक दलों को बॉन्ड के जरिए चंदा मिला है, उसे दलों ने भी अपने अधिकृत खातों में दिखाया होगा। चुनाव आयोग एक निश्चित अंतराल पर इन खातों की जांच करता रहा है। तो फिर बॉन्ड में खर्च किया गया धन काला धन कैसे कहा जा सकता है? दरअसल काला धन वह है, जिसे आरोपित व्यक्ति या कॉरपोरेट घराने अथवा राजनेता विदेशी बैंकों में खाते खुलवा कर जमा कर देते हैं और कर-जांच एजेंसियों को उनके खुलासे भी नहीं किए जाते। ऐसे कई काले रहस्योद्घाटन हो चुके हैं। अभी तक चुनाव आयोग के जरिए जितने चुनावी बॉन्ड सार्वजनिक किए गए हैं, उनमें रिलायंस, अंबानी, टाटा, बिरला सरीखे बड़े औद्योगिक समूहों के नाम नहीं हैं। क्या वे राजनीतिक दलों को चंदा नहीं देते? सबसे अधिक 1368 करोड़ रुपए के बॉन्ड खरीदने वाले लॉटरी किंग मार्टिन की कंपनी फ्यूचर गेमिंग पर प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई, आयकर आदि सरकारी एजेंसियों के कई बार छापे मारे जा चुके हैं, जेल भी जाना पड़ा है, फिर भी उसने सर्वाधिक चंदा दिया है। चूंकि कंपनी का मुख्यालय अब तमिलनाडु में है, लिहाजा वहां की सत्तारूढ़ पार्टी द्रमुक को 509 करोड़ रुपए का चंदा दिया गया है।

# सीएए पर भ्रम फैलाने की राजनीति करने में क्यों जुटा हुआ है विपक्ष?

**भारत में नागरिकता संशोधन अधिनियम के लागू होने के बाद एक बार फिर से राजनीतिक गुणा भाग का खेल प्रारंभ हो गया है। तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले राजनीतिक दल इस मामले में पूर्व नियोजित राजनीति ही कर रहे हैं। जबकि केंद्र सरकार की ओर से बार बार यह स्पष्ट किया जा रहा है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम नागरिकता देने वाला है, यह किसी की नागरिकता को समाप्त नहीं करेगा। इसके विपरीत केंद्र सरकार के प्रत्येक कदम का विरोध करने वाले राजनीतिक दल इसे भारतीय मुसलमानों के विरोध में उठाया गया कदम बताने का भ्रम पैदा करने वाला रवैया बता रहे हैं। यहां एक बात यह भी स्पष्ट करने वाली है कि इस अधिनियम में भारत के मुसलमान कहीं हैं ही नहीं, फिर क्यों इस अधिनियम में मनमाफिक निहितार्थ तलाश करने की राजनीति की जा रही है? क्या इस प्रकार की राजनीति देश को मजबूत बना सकती है, यकीनन नहीं। क्योंकि जिस देश में कुतर्क की राजनीति की जाती है, वहां भ्रम का वातावरण ही निर्मित होगा। देश के राजनीतिक दलों को चाहिए कि वह स्वच्छ और रचनात्मक राजनीति करके देश को शक्तिशाली बनाने का प्रयास करें। जहां तक भारतीय जनता पार्टी की बात है तो वह अपने एजेंडे से अलग कुछ भी नहीं कर रही है, नागरिकता का मुद्दा उसके लिए पहले से ही प्राथमिकता में रहा है।**




इतना ही नहीं अभी तक भाजपा नीत केंद्र सरकार ने जो निर्णय लिए हैं, उन सभी को लेकर ही वह जनता के पास गई और भाजपा को ऐसा करने के लिए ही समर्थन मिला। नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत यह भी स्पष्ट है कि इसमें बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के प्रताड़ित अल्पसंख्यक समाज को ही भारत की नागरिकता देने का प्रावधान किया है, इसके विपरीत इन देशों में मुसलमान बहुसंख्यक हैं। वे हिन्दू सहित अन्य गैर मुस्लिमों को प्रताड़ित करते रहते हैं। इसी प्रताड़ना के कारण ही वे अपने देश को छोड़ने के लिए मजबूर हो जाते हैं। इन प्रताड़ित लोगों के लिए किसी भी मुस्लिम देश में शरण नहीं मिलती। इसी कारण से भारत सरकार ने यह कदम उठाया है। जबकि इन देशों में मुस्लिमों को प्रताड़ित नहीं किया जाता। इसके विपरीत भारत में तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले नेता इसका गलत अर्थ निकालकर भारतीय मुसलमानों को भ्रमित करने की राजनीति कर रहे हैं। जबकि इस बात को यह भी भली भांति जानते हैं कि इस कानून से भारत के मुसलमानों को कोई नुकसान होने वाला ही नहीं है। यहां एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि दुनिया में मुसलमानों को शरण देने वाले कई देश हैं, जबकि प्रताड़ित समाज को शरण देने के कोई भी मुस्लिम देश तैयार नहीं। इसलिए भारत सरकार का यह निर्णय प्रथम दृष्टया उचित ही है।

वर्तमान में शरणार्थी और घुसपैठियों का अंतर समझने की बहुत आवश्यकता है। शरण वही मांगता है जो मजबूर हो गया हो और घुसपैठ करने वाला व्यक्ति एक उद्देश्य को लेकर चलता है। आज देश के लगभग आठ राज्य ऐसे हैं जहां घुसपैठ करने वाले नागरिक भारत में रह रहे हैं। इतना ही नहीं इनको भारत में राजनीतिक संरक्षण भी आसानी से मिल जाता है। पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी खुलकर घुसपैठियों के समर्थन में खड़ी होती दिखाई देती हैं। यह केवल वोट की खातिर ही किया जा रहा है और यही तुष्टीकरण की पराकाष्ठा है। लेकिन सवाल यह आता है कि जब ये घुसपैठ करने वाले व्यक्ति अपने देश के प्रति वफादार नहीं हुए तो भारत के वफादार कैसे हो सकते हैं? इसलिए शरणार्थियों के लिए तो जगह हो सकती है, लेकिन घुसपैठियों को पनाह देना बहुत बड़े खतरे को आमंत्रण देने के समान ही कहा जाएगा।

वास्तविकता यह है ऐसे मामलों में राजनीति नहीं की जानी चाहिए। भाजपा सरकार की नीतियों का विरोध होना चाहिए, यह लोकतंत्र के लिए आवश्यक है, लेकिन यह विरोध देश की कीमत पर नहीं होना चाहिए। आज यह स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हो रहा है कि विपक्षी राजनीतिक दल सत्ता प्राप्त करने के लिए देश की जनता के सामने भ्रम की स्थिति पैदा करने का प्रयास करने लगे हैं। मोदी का विरोध करते करते जाने अनजाने में देश का विरोध करने लगते हैं। एक समय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे आचार्य प्रमोद कृष्णम ने यह स्पष्ट तौर पर अभिव्यक्त किया कि कांग्रेस के नेता हिंदुओं से नफरत करते हैं, सनातन का विरोध करते हैं। कांग्रेस को आचार्य प्रमोद कृष्णम की बात पर मंथन करना चाहिए था, लेकिन मंथन करना तो दूर उनको पार्टी से बाहर कर दिया। इसी प्रकार विपक्ष के अन्य राजनीतिक दलों के नेता भी गाहे बगाहे सनातन के विरोध में अप्रिय बयान देते रहे हैं। यह भी एक प्रकार से तुष्टिकरण की राजनीति ही कही जाएगी। ऐसी राजनीति भारत को भारत से अलग करने वाली है। यहां यह भी समझना बहुत जरूरी है कि सनातन धर्म के बारे में गलत और विवादित बयान देने वालों के विरोध में कांग्रेस सहित अन्य दलों ने कोई बयान नहीं दिया। यह एक प्रकार से उनको समर्थन देना ही कहा जाएगा।

भारत की राजनीति के लिए यह कोई नई बात नहीं है कि सरकार के निर्णय का बिना किसी नीति या सिद्धांत के विरोध किया जाए। ऐसा पहले भी होता रहा है। हम जानते हैं कि राफेल मामले में भी ऐसा ही विरोध हुआ और इस मामले में अयोध्या के राम मंदिर निर्माण को भी लिया जा सकता है, लेकिन विपक्ष के राजनीतिज्ञ संभवतः यह भूल जाते हैं कि भारत की जनता चाहती क्या है? हम यह भी जानते हैं कि भारत की जनता राम से सीधा जुड़ाव रखती है। इसलिए यह कहा जा सकता है विपक्ष जनता के मनोभाव को समझने में अभी तक असफल ही रहा है। इसी प्रकार सीएए का मामला भी है। विपक्ष का यह कहना किसी भी प्रकार से न्याय संगत नहीं कहा जा सकता कि यह मुसलमानों के विरोध में है। इसके प्रावधान के तहत ऐसा कहीं भी नहीं लिखा है कि किसी को नागरिकता नहीं दी जाएगी या किसी की नागरिकता छीनी जाएगी। जो बातें की जा रही हैं, वे केवल राजनीति के अलावा और कुछ नहीं। हां, इस कानून के तहत विदेशी मुसलमानों को नागरिकता नहीं दिए जाने की परिकल्पना निहित है, परंतु इसमें भारतीय मुसलमान का कहीं कोई परिलक्षण नहीं है। इसलिए विपक्ष केवल भ्रमित करने की ही राजनीति कर रहा है। ऐसी राजनीति से बचना चाहिए।

## राशिफल

**मेष राशि** - मानसिक बेचैनी, दुर्घटना से बचें, अधिकारी से तनाव होगा, धैर्य पूर्वक कार्य करें।

**वृष राशि** - योजनायें फलीभूत होंगी, सफलता के साधन जुटायें, विशेष लाभ होगा।

**मिथुन राशि** - अचानक उपद्रव कष्टप्रद होगा, विशेष कार्य स्थगित रखें, कार्य अवरोध होगा।

**कर्क राशि** - परिश्रम से कुछ सफलता मिले, कार्य व्यवसाय की विशेष चिन्ता बनी रहेगी।

**सिंह राशि** - किसी अपवाद व दुर्घटना से बचें, व्यवसायिक क्षमता में बाधा होगी।

**कन्या राशि** - व्यवसाय गति उत्तम होगी, चिन्ता कम होगी तथा कार्य अवरोध होगा।

**तुला राशि** - मानसिक बेचैनी, उद्विघ्नता के योग बनेंगे, कुटुम्ब में क्लेश के योग हैं।

**वृश्चिक राशि** - सामर्थ्य वृद्धि के साथ तनाव व झगड़ा किन्तु सम्मानित होंगे, मित्र सहयोगी होंगे।

**धनु राशि** - कुटुम्ब की समस्यायें कष्टप्रद होंगी, धन का व्यर्थ व्यय अपवाद बनेगा।

**मकर राशि** - योजनायें फलीभूत होंगी, सफलता के साधन जुटायें, रुके कार्य बनेंगे।


**कुंभ राशि** - स्वभाव में खिन्नता, मानसिक बेचैनी, बने हुये कार्य में विलम्ब होगा।

**मीन राशि** - तनाव, क्लेश व अशांति का वातावरण, परिश्रम विफल होगा, कार्यगति मंद होगी।

# पुरुषों में महिलाओं से अलग हो सकते हैं माइग्रेन के लक्षण

नई दिल्ली। आज के समय में लाइफस्टाइल में बदलाव के कारण उन्हें कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वर्तमान समय में काम के बढ़ते दबाव के कारण लोगों को माइग्रेन की समस्या होने लगी है। वहीं बीते कुछ सालों में माइग्रेन की समस्या के मामलों में तेजी से बढ़ोत्तरी देखी गई है। माइग्रेन को मध्यम से गंभीर सिरदर्द के रूप में जाना जाता है। यह पुरुषों और महिलाओं दोनों को समान रूप से प्रभावित कर सकता है।

हांलाकि पुरुषों और महिलाओं में माइग्रेन की वजह अलग-अलग हो सकती है। लेकिन अधिकतर इसके कारण एक समान होते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि क्या वाकई में पुरुषों में माइग्रेन के लक्षण महिलाओं से अलग हो सकते हैं।



## माइग्रेन क्या है

बता दें कि माइग्रेन एक न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर है। इसमें मध्यम से लेकर गंभीर सिरदर्द हो सकता है। माइग्रेन अक्सर सेंसरी गड़बड़ी और नर्वस सिस्टम कार्य को बाधित कर सकता है। हांलाकि माइग्रेन के सटिक लक्षणों को समझना थोड़ा मुश्किल है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक न्यूरोबायोलॉजिकल और पर्यावरणीय कारकों के चलते यह समस्या हो सकती है। हार्मोनल उतार-चढ़ाव, नींद की गड़बड़ी, तनाव, आहार संबंधी कारक और सेंसरी स्ट्यूमिलेशन जैसे ट्रिगर माइग्रेन का कारण बन सकते हैं।

## तनाव और लाइफस्टाइल

लाइफस्टाइल और तनाव के कारण भी पुरुषों को माइग्रेन हो सकता है। फिर तनाव चाहे शारीरिक हो या मानसिक। शारीरिक परिवर्तन की वजह बनकर माइग्रेन को ट्रिगर कर सकता है। इसके अलावा अल्कोहल, कैफीन और कुछ अन्य खाद्य पदार्थ जैसे आहार भी माइग्रेन की शुरूआत का कारण बन सकता है।

## हार्मोनल प्रभाव

पीरियड्स के दौरान महिलाओं में विशेष रूप से हार्मोनल उतार-चढ़ाव देखने को मिलते हैं। यह माइग्रेन पैथोफिजियोलॉजी में अहम भूमिका निभाते हैं। जो महिलाओं को मुख्य रूप से प्रभावित करने का काम कर सकते हैं। अक्सर महिलाएं पीरियड्स संबंधी माइग्रेन के लक्षण महसूस करती हैं। ऐसे में माना जाता है कि प्रोजेस्टेरोन और एस्ट्रोजन के स्तर में उतार चढ़ाव से भी माइग्रेन हो सकता है। वहीं पुरुषों में भी बदलाव के कारण माइग्रेन हो सकता है।

## आनुवंशिक कारण

बता दें कि आनुवंशिक कारक भी माइग्रेन की वजह बन सकते हैं। माइग्रेन की समस्या महिला व पुरुषों दोनों को समान रूप से हो सकती है। जिस तरह से महिलाओं में जीन्स प्रतिक्रिया करते हैं। ठीक उसी तरह से जीन्स पुरुषों के लिए माइग्रेन की वजह बन सकता है।

## न्यूरोबायलॉजिकल वैरिटेंस

महिलाओं और पुरुषों के बीच न्यूरोबायोलॉजिकल फर्क भी माइग्रेन की वजह बन सकता है। मस्तिष्क में कार्यात्मक और संरचनात्मक अंतर, जिसमें दर्द और न्यूरोट्रांसमीटर सिस्टम में बदलाव शामिल है। यह लिंग के आधार पर माइग्रेन की संवेदनशीलता को प्रभावित कर सकता है। जैसे डोपामाइन मेटाबॉलिज्म और सेरोटोनिन रिसेप्टर एक्सप्रेशन में अंतर को माइग्रेन पैथोफिजियोलॉजी में शामिल किया गया है।

## माइग्रेन का इलाज

माइग्रेन की इलाज के लिए ट्रिगर को पहचानना जरूरी है। डॉक्टर महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग ट्रिगर प्वाइंट के इलाज के लिए अलग-अलग रणनीति तैयार कर सकते हैं। पहले माइग्रेन के दर्द को कम करने वाली दवाएं दी जाती थीं। वहीं महिलाओं में पीरियड्स से जुड़े माइग्रेन में हार्मोनल थेरेपी का इस्तेमाल किया जाता है। माइग्रेन के सामान्य कारणों को दूर करने के लिए एक्सपर्ट्स योग व एक्सरसाइज की सलाद दे सकते हैं।



# सेहत के लिए अच्छा नहीं पटेटो चिप्स का सेवन

**नई दिल्ली।** आलू चिप्स हमें आकर्षित करते हैं। इनकी खुशबू और स्वाद को देखकर खुद पर काबू करना मुश्किल हो जाता है। ये जानते हुए भी कि इनमें बहुत अधिक तेल होता है, जो सेहत के लिए नुकसानदायक है, फिर भी हम इनका सेवन करते हैं। हालाँकि, जरुरी नहीं है कि आप अपनी क्रेविंग को संतुष्ट करने के लिए अपने हेल्थ गोल्स का त्याग करें। आलू चिप्स सेहत के लिए अच्छे नहीं है, कोई बात नहीं, इनमें अलविदा कहें और खुद को हेल्दी रखने के लिए अन्य स्वस्थ विकल्पों जैसे कि तंदूरी सब्जी चिप्स, केल की चिप्स, और वेजिटेबल चिप्स को अपनी डाइट में शामिल करें। ये विकल्प स्वास्थ्य के लिए आलू चिप्स से लाख गुना बेहतर है और स्वाद तो आपको चखकर ही पता चलेगा। चलिए आलू चिप्स के स्वस्थ विकल्पों के बारे में जानते हैं।

**वेजी चिप्स:** शकरकंद, गाजर, चुकंदर या तोरी जैसी पतली कटी हुई सब्जियों से चिप्स बनाएं। उन्हें जैतून के तेल और अपनी पसंदीदा जड़ी-बूटियों और मसालों की हल्की कोटिंग के साथ ओवन में बेक करें।

**केल चिप्स:** केल के पत्तों को छोटे टुकड़ों में तोड़ें, उन पर थोड़ा सा जैतून का तेल और मसाला डालें, फिर कुरकुरा होने तक बेक करें। केल चिप्स विटामिन और खनिजों से भरपूर होते हैं।

**बेक्ड टॉर्टिला चिप्स:** साबुत अनाज टॉर्टिला को त्रिकोण में काटें, उन पर थोड़ी मात्रा में जैतून का तेल लगाएं, नमक और मसाले छिड़कें, फिर कुरकुरा होने तक बेक करें। आप अतिरिक्त फाइबर के लिए मकई या साबुत गेहूं टॉर्टिला का उपयोग कर सकते हैं।

**पॉपकॉर्न:** एयर-पॉप्ड पॉपकॉर्न एक साबुत अनाज का नाश्ता है, जिसे स्वाद के लिए विभिन्न जड़ी-बूटियों और मसालों के साथ पकाया जा सकता है। अधिक मक्खन या नमक डालने से बचें।

**भुने हुए चने:** चने को धोकर छान लें, फिर उनमें जैतून का तेल और लहसुन पाउडर, लाल शिमला मिर्च या जीरा जैसे मसाले मिलाएँ और कुरकुरा होने तक ओवन में भूनें।

चावल केक: साबुत अनाज वाले चावल के केक चुनें और एक संतोषजनक नाश्ते के लिए उनके ऊपर मैश किया हुआ एवोकाडो, हुम्मस या नट बटर डालकर इनका लुफ्त उठायें।

**सेब के चिप्स:** सेब को पतले-पतले टुकड़ों में काट लें और कुरकुरा होने तक ओवन में बेक करें। अतिरिक्त स्वाद के लिए इनपर दालचीनी पाउडर छिड़क सकते हैं। दालचीनी के अलावा चाट मसाले का इस्तेमाल भी किया जा सकता है।



# बेसन का चीला खाकर हो गए हैं तो इन चीजों से बदलें स्वाद

**चीले का स्वाद बढ़ाने के लिए लोग इसमें तमाम तरह की सब्जियां मिलाकर बनाते हैं। अगर आप बेसन का चीला खा-खाकर बोर हो गए हैं। तो हम आपको बेसन के चीला के अलावा अलग-अलग तरह के चीला बनाने के बारे में बताने जा रहे हैं।**

नई दिल्ली। आजकल लोगों की लाइफस्टाइल काफी व्यस्त होती है। ऐसे में व्यस्तता के कारण लोगों के पास सही से नाश्ता करने का समय नहीं होता है। क्योंकि सुबह के समय हर किसी को बहुत जल्दबाजी होती है और लोग नाश्ते का ऐसा ऑप्शन देखने हैं, जो बनाने में काफी आसान होता है। नाश्ते में बेसन का चीला सबसे सरल विकल्प होता है। क्योंकि यह न सिर्फ खाने में स्वादिष्ट होता है, बल्कि यह काफी ज्यादा हेल्दी भी होता है। चीले का स्वाद बढ़ाने के लिए लोग इसमें तमाम तरह की सब्जियां मिलाकर बनाते हैं। हांलाकि चीला खा-खाकर कई लोग बोर हो जाते हैं। ऐसे में हम आपको बेसन के चीला के अलावा अलग-अलग तरह के चीला बनाने के बारे में बताने जा रहे हैं। जब आप नीचे बताए गए अलग-अलग तरीकों से चीला बनाकर खाएंगे, तो न सिर्फ स्वाद बदलेगा और बच्चों को यह खाकर मजा आ जाएगा।

## सूजी चीला

हांलाकि बेसन की चीला अधिक कुरकुरा नहीं होता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि बेसन में सूजी मिलाकर आप चीले का स्वाद दोगुना कर सकती हैं।

## मूंगदाल का चीला

यदि आप बेसन के चीले से ज्यादा हेल्दी कुछ खाना चाहते हैं, तो मूंगदाल का हलवा एक अच्छा ऑप्शन हो सकता है। इसके लिए आपको मूंगदाल का पेस्ट बनाना है और फिर इससे आप चीला बनाकर हरी चटनी और सोंठ के साथ सर्व कर सकती हैं।

## आलू चीला

अगर आप बेहद स्वादिष्ट चीला बनाकर खाना चाहती हैं, तो आलू एक अच्छा ऑप्शन है। उबले हुए आलू को कद्दूकस करके बेसन में मिलाकर इसका चीला बनाएं।

## पालक चीला

अगर आपको बेसन का चीला अच्छा लगता है, लेकिन आप इस स्वाद से बोर हो गई हैं, तो आप बेसन में पालक को एकदम महीन पीस लें। इससे आपका बनाया हुआ चीला अधिक कुरकुरा बनेगा।

## बाजरे के आटे का चीला

बाजरे के आटे का चीला आप बेसन के चीला की तरह बनाकर तैयार कर सकती हैं।

# ओला प्रभावित क्षेत्रों का केवलारी विधायक रजनीश हरवंश सिंह ने किया दौरा





**दैनिक रेवाचल टाइम्स केवलारी।** ओलावृष्टि से प्रभावित ग्रामो धनोरा आमानाला अमोली खिरखिरी,धनोरा खुर्द, मासुल,कुड्डो, महुआ टोला भालीवाडा, रावठान, थावरी, देवरीटीका विकासखंड-केवलारी के ओला ओलावृष्टि प्रभावित विभिन्न ग्रामो का किया दौरा खरसारु,मोहगांव, मलारा एवं (घुड़सार),बिनेकी बगलई,कोहका,बहना टोला अलोनीखापा जामुंनपानी देवकरन टोला, बोथिया(सिरौली),डोभ, बंदेलीटोला/सहजपूरी, बंदेली, खापा(पाकर टोला) केवलारी विधायक रजनीश हरवंश सिंह द्वारा केवलारी एवं धनोरा ब्लॉक के ओलावृष्टि प्रभावित ग्रामो का दौरा कर संबंधित अधिकारी एवम कर्मचारी तहसीलदार एवम पटवारी महोदय से चर्चा कर किसानो को उचित मुआवजा दिलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। कोई भी किसान मुआवजा से वंचित ना रहे इसका विशेष ध्यान रखने हेतु संबंधितो को सख्ती से पालन किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने का अपील की है। केवलारी विधायक रजनीश हरवंश सिंहजी के साथ ब?लाक कांग्रेस कमेटी धनौरा के ब्लांक अध्यक्ष विकास बघेल केवलारी ब?लाक अध्यक्ष प्रमोद मोदी जी, युथ कांग्रेस,एन;एस;यू;आई आई,टी,सेल, युवा बिग्रेड मंडल सेक्टर बूथ के अध्यक्षगण सभी मोर्चा संगठन एवं सभी जनप्रतिनिधि, ग्राम वासी सहित साथियों सहित मौके पर मौजुद रहे।



## किसानों को ढांढस बंधाया

दिन सोमवार को केवलारी विधानसभा क्षेत्र के अतंर्गत ग्राम में धुंआधार बारिश एवं ओलावृष्टि से पीड़ित किसानों के साथ केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह ने खेत पहुंचकर क्षतिग्रस्त फसलों का जायजा किया। एवं पीड़ित किसानों को ढांढस बंधाया व संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर तत्काल खेत खेत जाकर सर्वे कर फसल क्षतिपूर्ति हेतु किसानों को उचित राहत राशि दिए जाने की मांग की ।

# डिण्डौरी में दोपहर में गरज चमक के साथ बरसे बादल

## आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत



**दैनिक रेवांचल टाइम्स डिंडौरी।** मंगलवार को डिंडौरी जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचल में मंगलवार दोपहर डेढ़ बजे से गरज चमक के साथ तेज बारिश हुई, साथ ही ओले भी गिरे। जिले के बजाग में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। मौसम खराब होने की वजह से लोग गाड़ियों की लाइट जलाकर चलते दिखे। मौसम विभाग ने जिले में रेड अलर्ट घोषित किया है।

**घर के पास गिरी आकाशीय बिजली, युवक की मौत :** मंगलवार को बजाग थाना क्षेत्र के अंगई गांव में खेत के पास आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 20 वर्षीय युवक मनोहर पिता विष्णु की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया गया है।

**पल पल की जानकारी ले रहे अधिकारी :** जिले में मौसम विभाग की ओर से रेड अलर्ट जारी किए जाने के बाद से ही राजस्व विभाग के अधिकारी स्थानीय अमले से क्षेत्र की पल पल की जानकारी ले रहे है। बजाग एसडीएम आरपी तिवारी ने बताया कि अंगई गांव में आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत की खबर है। सारे अधिकारी कर्मचारी नजर बनाए हुए है ।

# नायब तहसीलदार को नोटिस:बगैर अनुमति के मुख्यालय से बाहर रहने पर कलेक्टर ने की कार्रवाई



**दैनिक रेवांचल टाइम्स कटनी।** बगैर अनुमति के मुख्यालय से बाहर जाने पर सिनगौड़ी के नायब तहसीलदार प्रसन्न कुमार वर्मा को कलेक्टर अवि प्रसाद ने नोटिस जारी किया गया। कलेक्टर ने तीन दिन के अंदर नोटिस का जवाब मांगा है। निर्धारित समय पर संतोषजनक जवाब नहीं देने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। नोटिस में कहा गया है कि कलेक्टर के विजयराघवगढ़ के सिनगौड़ी के निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार प्रसन्न वर्मा बगैर सक्षम अनुमति के अनधिकृत रूप से बिना किसी पूर्व सूचना के अपने कर्तव्य से अनुपस्थित रहे। उनके अनुपस्थित रहने के कारण कारण फसल क्षति का आंकलन और भूमि स्वामियों की समस्याओं का निराकरण करने में असुविधा हुई। नोटिस में आवश्यक जानकारियां प्राप्त नहीं होने की बात भी कही गई है। तीन दिन के अंदर नोटिस का जवाब मांगा गया है। संतोषजनक जवाब नहीं होने पर कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व मंत्री भार्गव का निर्वाचन आयोग को पत्र

## लिखा-बीमारियां चुनाव और आचार संहिता देखकर नहीं आती, सीएम स्वेच्छानुदान आचार संहिता से मुक्त करें



**दैनिक रेवांचल टाइम्स सागर।** लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता देश में लागू हो गई है। आचार संहिता लागू होने के बाद से राज्य सरकार और जनप्रतिनिधियों के कोष से मिलने वाली सहायता राशि लोगों को मिलना बंद हो गई है। जिसका बीमारियों से ग्रसित मरीजों पर पड़ता दिख रहा है। जिसको लेकर मध्यप्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री और रहली विधायक गोपाल भार्गव ने मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान और उसकी मंजूरी को लेकर भारत निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान स्वीकृति को मानवीय आधार पर प्रतिबंध से मुक्त करने या वास्तविक स्थिति को स्पष्ट करने की बात लिखी है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि मेरे विधानसभा क्षेत्र रहली जिला सागर समेत संपूर्ण मध्यप्रदेश में आम चुनाव-2024 की आदर्श आचार संहिता लागू हो जाने के कारण मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान स्वीकृति की प्रकिया पिछले 3 दिनों से बंद है। इस कारण बहुत से जरुरतमंद लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद के लिए भटक रहे हैं। इस संबंध में मेरा आपसे अनुरोध है कि चूंकि बीमारियां चुनाव और आचार संहिता देखकर नहीं आती हैं। इसलिए यदि मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान की स्वीकृति को आदर्श आचार संहिता में प्रतिबंधित किया गया है तो मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए इसे प्रतिबंध से मुक्त करने का कष्ट करें और यदि प्रतिबंधित नहीं किया गया है तो मध्यप्रदेश राज्य शासन को इस संबंध में तत्काल स्पष्ट दिशा निर्देश जारी करने का कष्ट करें।

**स्वीकृत राशि अस्पताल के खाते में ट्रांसफर होती है :** इस संबंध में मैं यह भी स्पष्ट करना चाहता हूं कि मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से सिर्फ राशि स्वीकृत की जाती है। गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए ही सहायता राशि स्वीकृत की जाती है। स्वीकृत राशि अस्पताल द्वारा मरीज को दिए गए इलाज के अनुमानित प्राक्लन के आधार पर अस्पताल के खाते में ट्रांसफर की जाती हैं न कि बीमार व्यक्ति के खाते में। उन्होंने पत्र की प्रतिलिपि मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री के मुख्य सचिव को भी भेजी है।

# ओलावृष्टि से 14 गांव की फसलें प्रभावित

## कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों के साथ किया दौरा, सर्वे के लिए दल गठित





**दैनिक रेवांचल टाइम्स डिंडौरी।** मंगलवार की सुबह कलेक्टर विकास मिश्रा ने राजस्व अधिकारियों के साथ नेवसा सर्किल के गांवों का दौरा किया। पिछले दो दिनों से बारिश और ओला गिरने से जिले के 14 गांव के किसानों की फसलें प्रभावित होने की खबर मिलते ही कलेक्टर ने सर्वे दल गठित कर दिया है। डिंडोरी तहसीलदार पंकज नयन तिवारी ने बताया कि नेवसा सर्किल के नारायण डीह के चार गांव, माधोपुर के चार गांव, शाहपुर सर्किल के 2 गांव, मेहदवानी के 2 गांव और रयपुरा के 2 गांव में बारिश और ओलावृष्टि की जानकारी मिली है। सर्वे दल में राजस्व विभाग, पंचायत और कृषि विभाग के अधिकारी गांव में जाकर खेतो में खराब हुई फसलों का सर्वे शुरू करेंगे और जल्दी सर्वे कर रिपोर्ट देंगे। रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी।वैसे सबसे ज्यादा ओलावृष्टि नारायण डीह सर्किल के चार गांव में बताई जा रही है। जिसमें गेहूं और दलहनी की फसलों को नुकसान होने की जानकारी मिल रही है।

# शासकीय सीएम राइज व उत्कृष्ट विद्यालय में के जी 1 मे प्रवेश की अंतिम तिथि 23 मार्च तक घोषित..



**दैनिक रेवाचल टाइम्स सिवनी।** केवलारी मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा जारी की गई गाइड लाइन के अनुसार सीएम राइज शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में वर्ष 2024- 25 के लिए प्रवेशिका के जी वन के लिए निर्धारित 75 सीटों के लिए प्रवेश आवेदन फॉर्म दिनांक 16 मार्च से निर्धारित 75 सीटों के लिए अंतिम तिथि 23 मार्च 2024 है कि जी वन मे प्रवेश के लिए फार्म 23 मार्च तक जमा किए जाएंगे। सी एम राइज विद्यालय के प्रचार्य एल आर बछालिया के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 28 मार्च को प्रवेश सूची का प्रकाशन होगा। 01 अप्रैल 2024 से शैक्षणिक सत्र 2024 प्रारंभ हो जाएगा। के जी वन में प्रवेश पाने वाले नन्हे मुन्ने बच्चों को अभिलेख एवं अन्य जानकारियो के लिए 6 अप्रैल 2024 की तिथि निर्धारित की गई है।



## कटनी में 53 हजार की शराब और महुआ लाहन जब्त

**कटनी।** बाकल थाना क्षेत्र के गांव में दबिश देकर पुलिस टीम ने 53 हजार रुपए की शराब और महुआ लाहन जब्त की है। इस मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को बहोरीबंद थाना प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा, बाकल थाना प्रभारी अनिल यादव ने दल-बल के साथ बाकल थाना क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान बरही और खरखरा पटना गांव में अवैध रुप से शराब बनाने और बेचने वालों पर कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने कार्रवाई के दौरान 450 किलो महुआ लाहन और 20 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की। शराब और महुआ लाहन की कीमत करीब 53 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस टीम महुआ लाहन को मौके पर नष्ट कर दिया है। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# स्थानीय प्रशासन की बिना अनुमति के कालोनाइजर अक्षरधाम बेली में निर्माण कार्य जारी..






**दैनिक रेवाचल टाइम्स सिवनी।** केवलारी अभी हाल ही मे क्षितिज सिंघल कलेक्टर सिवनी के निर्देशन में एसडीएम अशीष आईएएस ने केवलारी के 19 कालोनाइजरों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के आदेश दिये है। धनी ओर रसूखदार व्यक्ति नगर मे कालोनी के नाम पर उपजाऊ भूमि खरीदते हे बड़े बड़े पोस्टर पम्पलेट छपवाकर लोगो को आलीशान आशियाना का सपना दिखाकर प्लाट बेचकर करोड़ों कमा रहे है ओर सुविधाओं के नाम पर कुछ भी नहीं है।नगर का दुर्भाग्य ही है कि सुविधा युक्त शासन से ऑथराइज्ड कॉलोनी में प्लाट देने का सपना दिखाकर जीवन भर की मेहनत की कमाई को फंसा कर आम इंसान जीवन का आनंद लेने के लिए खरीदे गए प्लाटों में रोड नाली अन्य सुविधाओं के लिए परेशान दिखाई देता है ।ड्रीम सिटी का सपना जग जाहिर है , अंत में प्लाट बेचकर बिना सुविधाओं के ड्रीम सिटी बन गई । विश्वनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अक्षरधाम बेली डेवलेपर अमित जायसवाल मंडला ने अक्षरधाम रियल इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी मंडला ने दीप ज्योति हायर सेकंडरी स्कूल के पीछे नगर परिषद केवलारी ग्राम केवलारी में स्थित भूमि खसरा नंबर 614 /1 रकबा 1.65 हेक्टरयर में बिना अनुमति एवं नक्शा पास काराये प्लांट बुकिंग कार्य चालू किया हुआ हैं। बिना अनुमति के कॉलोनी में सड़क निर्माण कार्य, गार्डन निर्माण कार्य, नाली निर्माण कार्य अन्य कार्य कराये गये है।भव्य प्रवेश द्वार बनाकर लोगो को ठगा जा रहा है । बिना अनुमति निर्माण कार्य किये जाने को लेकर विभाग स्तर से भी कार्यवाही किये जाने के बाद भी ठेकेदार कार्य लगातार किये जा रहा है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद मण्डला

Email - cmomandla@mpurban.gov.in contact - 07642-250705

क्रमांक/रा.शा./2024/3492 — मण्डला, दिनांक 14 /03/2024

### इश्तेहार सूचना

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न भवन/भूमि एवं न.पा. स्वामित्व की दुकानों के नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। नामान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर दस्तावेजों सहित लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। अवधि समाप्त होने के पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। दुकान/भवन एवं आवेदकों का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रं. | नगर पालिका में दर्ज नाम व वार्ड | आवेदक का नाम | भवन के नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री नर्मदा प्रसाद तिवारी पिता स्व. श्री शिवराम प्रसाद, सिंहवाहिनी वार्ड | श्री नरेश कुमार तिवारी पिता स्व. श्री रामकृष्ण | नजूल शीट नं. 20सी प्लाट नं. 120, 122/4 रकबा क्रमशः 1055, 04 कुल 1059 व.फु. भवन-भूमि में ई-रजिस्टर्ड पट्टा, मृत्यु प्रमाण पत्र (एन.पी. तिवारी) एवं खसरा के आधार पर |
| 2 | श्री एन.के. जैन पिता जी.सी. जैन, डॉ. राधाकृष्णन वार्ड | श्री पंचमलाल झारिया, स्व. मनोहर लाल | नजूल शीट नं. 16, प्लाट नं. EWS-2 & EWS-7 रकबा 1236.93 व.फु. भवन-भूमि में ई-रजिस्टर्ड विक्रयपत्र एवं म.प्र.हाउसिंग बोर्ड जबलपुर का लीज ट्रांसफर आदेश के आधार पर |
| 3 | श्री रमेश कुमार सोनी पिता श्री जनकलाल, इन्दिरा जी वार्ड | श्रीमति किरण् कांसकार पति श्री अशोक कांसकार | नजूल शीट नं. 20 डी, प्लाट नं. 44/2, रकबा 651 व.फु. भवन-भूमि में ई-रजिस्टर्ड विक्रय पत्र, नजूल आदेश एवं खसरा के आधार पर |
| 4 | श्री लक्ष्मण सिंह पिता श्री सावन सिंह, डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड | श्री बसंत क्षत्री पिता स्व. कन्हैयालाल क्षत्री | डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड प.ह. नं. 29 खसरा नं. 181/2 में से रकबा 3160 व.फु. भवन-भूमि में रजिस्टर्ड विक्रय पत्र एवं खसरा के आधार पर |
| 5 | श्री फतेहचंद जैन पिता श्री बाबूलाल, श्री विजय कुमार जैन पिता श्री फतेहचंद, सरदार भगतसिंह वार्ड | श्री नितिन सीरवानी पिता गोवर्धन, प्रकाश सीरवानी पिता दौलतराम | नजूल शीट नं. 23 सी, प्लाट नं. 1/30, 1/39 रकबा क्रमशः 2000, 1333 कुल रकबा 3333 व.फु. भवन-भूमि में ई-रजिस्टर्ड विक्रय पत्र एवं खसरा के आधार पर |
| 6 | श्री गेंदलाल आ. सुखड़ा लाल पटेल, डॉ. अंबेडकर वार्ड | श्री गोपाल फागवानी पिता जे.डी. फागवानी | नजूल शीट नं. 23 बी, प्लाट नं. 33/3 रकबा 782 व.फु. भवन-भूमि में पट्टा एवं खसरा के आधार पर |
| 7 | श्री कुलदीप संदीप जैन पिता श्री लीलाधर जैन, रानी दुर्गावती वार्ड | श्री शकुन सराफ पति श्री अनिरूद्ध सराफ | नजूल शीट नं. 19सी, प्लाट नं. 79/3 में से रकबा 896 व.फु. भवन-भूमि में रजिस्टर्ड विक्रय पत्र एवं खसरा के आधार पर |
| 8 | श्रीमति रामकली पन्द्रो/श्री मनीराम पन्द्रो, रानी अवंतीबाई वार्ड | श्रीमति सरोज उइके पति श्री सूरज प्रसाद उइके | नजूल शीट नं. 17 डी, प्लाट नं. 1/55, रकबा 1500 व.फु. भवन-भूमि में रजिस्टर्ड वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र (रामकली पन्द्रो), नजूल आदेश एवं खसरा के आधार पर |
| 9 | श्री विनोद कुमार वेहरे, डॉ. राधाकृष्णन वार्ड | श्रीमति रतन गुप्ता पति स्व. श्री रोहिणी प्रसाद गुप्ता | नजूल शीट नं. 16, प्लाट नं. 08 रकबा 1500 व.फु. भवन-भूमि में रजिस्टर्ड विक्रयपत्र एवं म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल भोपाल का लीज ट्रांसफर आदेश के आधार पर |
| क्रं. | दुकान/प्लाट का स्थान व क्रमांक | किरायेदार का नाम/पिता का नाम | नामान्तरण कराने वाले का नाम/पिता |
| 1 | जबाहर गंज बाजार दुकान क्रं. 26 | श्री चंद्रभान सुखवानी पिता श्री गोविंदराम सुखवानी | श्री मनोहर सुखवानी पिता स्व. चंद्रमल सुखवानी |
| 2 | जबाहर गंज बाजार दुकान क्रं. 71 | श्री संजय कुमार , अजय कुमार पिता श्री श्रवणकुमार ताम्रकार | श्री विकास ढोले पिता श्री रामकिशोर ढोले |
| 3 | जबाहर गंज बाजार दुकान क्रं. 295 | श्री विजय कुमार पिता श्री लच्छी ढीमर | श्री आशोक कुमार नामदेव पिता श्री भूरेलाल नामदेव |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मण्डला

## दस्तावेजों के सत्यापन में हुआ खुलासा

# फर्जी दस्तावेजों के आधार पर 15 सालों से कॉलेज में कर्मचारी कर रहा था नौकरी





**दैनिक रेवांचल टाइम्स कटंगी।** शहर की उच्च शैक्षणिक संस्था शासकीय राजा भोज महाविद्यालय कटंगी में बीते 15 वर्षों से चंद्रकांत तिवारी नाम का कर्मचारी फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी कर रहा था। जन भागीदारी समिति ने वर्ष 2008 में पहली बार सहायक कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर उनकी नियुक्ति की थी। जिसके बाद से वह लगातार कॉलेज में सेवारत थे। दरअसल, फर्जी दस्तावेजों का खुलासा एक आरटीआई और दस्तावेजों के सत्यापन के बाद हुआ है। अब अग्रिम कार्रवाई के लिए मंगलवार को कॉलेज में समिति की बैठक हुई। कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य ने बताया कि श्री कृष्णा यूनिवर्सिटी से मिली जानकारी के आधार पर आज कॉलेज में समिति की बैठक की गई। अब कॉलेज इस पर विचार कर रहा है कि आगे क्या करना है जो भी कार्रवाई होगी उससे अवगत करवा दिया जाएगा।

बता दें कि सिंगोड़ी निवासी युवक सोमनाथ पटले ने कॉलेज में वर्ष 2022 में एक आरटीआई लगाकर चन्द्रकांत तिवारी की नियुक्ति से जुड़े दस्तावेज हासिल किए थे। इन दस्तावेजों के आधार पर पाया गया था कि जिस पद पर चंद्रकांत तिवारी सेवाएं देने के लिए चयनित किए गए है। उस पद के लिए वह अयोग्य है तब कॉलेज प्रबंधन ने चंद्रकांत तिवारी को कॉलेज से निकाल दिया था और 10 दिन बाद पुनः सहायक कम्प्यूटर ऑपरेटर पद के लिए नई भर्ती निकाली। जिसमें फिर से कॉलेज प्रबंधन ने चंद्रकांत तिवारी को ही चयनित कर लिया। इस बार आवेदन करते वक्त चंद्रकांत तिवारी ने अपनी योग्यता के लिए श्री कृष्णा यूनिवर्सिटी छतरपुर से पीजीडीसीए उत्तीर्ण करने के दस्तावेज लगाए थे। जिस पर सोमनाथ पटले को संदेह हुआ और उन्होंने कॉलेज प्रबंधन और सीएम हेल्पलाइन में एक शिकायत की। तब कॉलेज प्रबंधन ने कृष्णा यूनिवर्सिटी को पत्र लिखकर चंद्रकांत तिवारी के दस्तावेजों के संबंध में जानकारी मांगी। जिसका जवाब देते हुए 05 मार्च 2024 को यूनिवर्सिटी ने बताया कि चंद्रकांत तिवारी नाम के विद्यार्थी का विश्वविद्यालय में कोई रिकार्ड नहीं है। उन्होंने कभी विश्वविद्यालय में प्रवेश नहीं लिया और ना ही कोई प्रमाण पत्र चंद्रकांत तिवारी को जारी किया गया। यूनिवर्सिटी ने बकायदा कटंगी कॉलेज को लिखे पत्र में कहा कि वह चंद्रकांत तिवारी की पूरी जानकारी यूनिवर्सिटी को दें ताकि यूनिवर्सिटी भी चंद्रकांत तिवारी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कर सकें।

इस बीच चन्द्रकांत तिवारी ने एक और फर्जीवाड़ा कर दिया। उन्होंने यूनिवर्सिटी में किसी से सांठ-गांठ कर 09 मार्च 2024 को श्री कृष्णा विश्वविद्यालय छतरपुर से कटंगी कॉलेज के मेल पर एक संदेश भिजवाया। यह संदेश यूनिवर्सिटी के उप रजिस्ट्रार के हस्ताक्षर का पत्र था। जिसमें लिखा था चंद्रकांत तिवारी के दस्तावेजों का सत्यापन किया गया उन्होंने वर्ष 2021 में पीजीडीसीए पाठ्यक्रम से परीक्षा उत्तीर्ण की है। इस पत्र के मिलने के बाद कटंगी कॉलेज प्रबंधन भी सकते में आ गया और कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य अनिल शेंडे ने पुनः यूनिवर्सिटी के कुलपति को पत्र लिखा जिसमें कुलपति ने बताया कि 09 मार्च 2024 को यूनिवर्सिटी ने कोई पत्र जारी नहीं किया। इससे एक बात तो साफ है कि चंद्रकांत तिवारी ने यूनिवर्सिटी में किसी शख्स से सांठगांठ की हुई थी जो फर्जी दस्तावेज बनाकर दे रहा था और यूनिवर्सिटी के मेल से कॉलेज को मेल कर रहा है। अब अगर, इस मामले की कानूनी स्तर पर जांच होती है तो बड़ा खुलासा हो सकता है परंतु कटंगी कॉलेज प्रबंधन ने अब तक इस मामले की पुलिस में शिकायत नहीं की है।

बताया जाता है कि चन्द्राकांत तिवारी कॉलेज में बतौर कम्प्यूटर ऑपरेटर सहायक के रुप में नियुक्त किए गए थे परंतु उन्होंने कभी अपने पद से जुड़ा हुआ कामकाज नहीं किया। वह परीक्षाओं में अपनी ड्यूटी लगवाते थे ताकि अधिक मानदेय प्राप्त कर सकें। आरटीआई से इस बात का खुलासा हुआ है कि परीक्षाओं के दौरान प्राचार्य के बाद अगर किसी कर्मचारी की सर्वाधिक ड्यूटी लगी है तो वह चंद्रकांत तिवारी ही है। यहां पर कॉलेज की भूमिका भी संदिग्ध नजर आती है। पता चला है कि चंद्रकांत तिवारी कॉलेज की अलग-अलग गतिविधियों में हिस्सा लेकर घूमने भी जाया करते थे। स्पोर्ट्स और अन्य शैक्षणिक भ्रमण गतिविधियों की सूची में उनका नाम होने के बाद भी वह किसी भी तरह से घूमने के लिए जाया करते थे। बीते दिनों कॉलेज से जब विद्यार्थियों को शैक्षिक भ्रमण के लिए भोपाल ले जाया गया तब भी वह साथ गए थे और विधायक गौरव सिंह पारधी के साथ तस्वीरें खिंचवा रहे थे। इसके अलावा एक बार कॉलेज के जब विधायक विद्यार्थियों को द कश्मीर फाईल्स फिल्म दिखाने के लिए लेकर गए तब भी चंद्रकांत तिवारी साथ ही थे। इससे तो ऐसा लगता है कि इन दिनों उन्हें विधायक का संरक्षण प्राप्त था।

### इनका कहना है

श्री कृष्णा यूनिवर्सिटी से मिली जानकारी के आधार पर आज कॉलेज में समिति की बैठक की गई। अब कॉलेज इस पर विचार कर रहा है कि आगे क्या करना है जो भी कार्रवाई होगी उससे अवगत करवा दिया जाएगा।

**अनिल कुमार शेंडे**
**प्रभारी प्राचार्य कॉलेज**

# ट्रेन से टकराने पर अज्ञात व्यक्ति हुआ घायल, रास्ते में मौत

## बंदिरझिरीया के समीप की घटना



**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** जिले के ग्रामीण थाना नवेगांव क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बंदरझिरीया के समीप ट्रेन से टकराने पर अज्ञात व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी अस्पताल लाते समय रास्ते में ही मौत हो गई है।

मामले के संबंध में अस्पताल पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार गोंदिया से कटंगी ट्रेन बालाघाट होते हुए जा रही थी तभी मंगलवार को सुबह करीब 10:30 बजे बंदरझिरीया के पास एक व्यक्ति ट्रेन की पटरी पर देखा गया जिसे ट्रेन के ड्राइवर व गार्ड ने देखा और ब्रेक लगाया लेकिन ट्रेन उसके पास पहुंच चुकी थी और उससे टकराई जिससे वह घायल हो गया जिसे 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया जा रहा था जिसकी रास्ते में ही मौत हो गई। वही अस्पताल पुलिस चौकी को तहरीर मिलने पर शव बरामद कर पंचनामा व आवश्यक कार्यवाही के पश्चात शव को विच्छेदन गृह में रखवा दिया गया और संबंधित थाने में जानकारी देकर अज्ञात व्यक्ति की पतासाजी की जा रही है।

# घायल की अस्पताल में मौत



**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** वारासिवनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कायदी जोड़ापाठ में एक अज्ञात वाहन ने बुर्जुग महिला को टक्कर मार दी, और मौके से फरार हो गया।

जहा इस टक्कर में घायल हुई बुर्जुग महिला की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बुर्जुग महिला अमरकला पिता भीवालाल भाजनकाटे 57 वर्ष जो की कायदी जोड़ापाठ की निवासी है बता दे की बुर्जुग महिला अमरकला का मानसिक संतुलन ठीक नही था, और वह गांव में इधर उधर घूम कर अपना समय गुजरती थी, और वह सड़क पार कर रही होगी उसी वक्त किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिसे परिजनों ने निजी वाहन से जिला अस्पताल लाया लेकिन आधे घण्टे के अंदर उसने तड़प तड़प कर दम तोड दिया। जिसके बाद जिला अस्पताल पुलिस ने परिजनों ने बयान दर्ज कर जाफो 174 के तहत मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

## रतनजोत का फल खाने से पांच बच्चे बीमार



**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** भरवेली थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम भानपुर में रतनजोत का नशीला फल खाने से पांच बच्चे बीमार हो गए। ये बच्चे अपने गांव समीप घिसरी नदी के टेकरा में खेलने के लिए गए थे। सभी बच्चों को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भानपुर के पांच बच्चे गांव से लगे घिसरी नदी के टकरा में रोज की तरह खेलने के लिए चले गए थे। जिन्होंने खेलते खेलते टेकरा में लगे रतनजोत वृक्ष का नशीला फल खा लिया फल खाने के बाद सभी बच्चे खेलते हुए अपने घर पहुंचे और घर में उल्टी दस्त करने लग गए, बच्चे सुस्त हो गए। परिवार वालों द्वारा पूछने पर बच्चों ने घिसरी नदी के टेकरा में लगे रतन जोत के व्रक्ष का फल खाना बताया। तुरंत ही बच्चों को उनके परिवार वालों ने जिला अस्पताल लाये जिला अस्पताल में भर्ती सभी बच्चे जिनमे आदेश पिता महेश धवरे उम्र 12 वर्ष, आदर्श पिता दुर्योधन नानने उम्र 13 वर्ष, पीयूष पिता नंदकिशोर डोंगरे उम्र 12 वर्ष, आराधना डोंगरे उम्र 5 वर्ष और निशांत पिता कमलेश खांडेकर उम्र 9 वर्ष शामिल है। जिनका त्वरित इलाज जिला अस्पताल में किया गया। सभी बच्चे अब खतरे से बाहर बताए गए हैं।

# प्रथम चरण के निर्वाचन क्षेत्र के लिए आज जारी होगी अधिसूचना

### सुरक्षा के घेरे में होगा कलेक्टर कार्यालय

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** आम लोकसभा निर्वाचन 2024 की आचार संहिता 16 मार्च से लागू हो गई है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रमानुसार प्रथम चरण में शामिल संसदीय क्षेत्रों के लिए अधिसूचना बुधवार को जारी की जाएगी। इसके साथ ही नाम निर्देशन पत्र जमा करने का सिलसिला भी प्रारम्भ होगा। बालाघाट-सिवनी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के नाम निर्देशन पत्र कलेक्टर व दंडाधिकारी बालाघाट के कोर्ट में सुबह 11 बजे से प्रारम्भ होगा। जो दोपहर 3 बजे तक जारी होगा। नाम निर्देशन पत्र 27 मार्च तक प्राप्त किये जायेंगे। इसके बाद 28 मार्च को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा और 30 मार्च तक नाम वापसी की जा सकेगी। नाम निर्देशन पत्र की तैयारी के लिए कलेक्टर कार्यालय की व्यवस्था में बदलाव किया गया है। कलेक्टर कार्यालय में प्रवेश के लिए आम नागरिकों ले लिए व्यवस्था एटीएम के पास के प्रवेश द्वार से होगी। जबकि नाम निर्देशन पत्र लेने व जमा करने वाले व्यक्ति/अभ्यर्थी व 5 व्यक्ति मुख्य प्रवेश द्वार से एटीएम के आस लगाए बेरिकेट से निकल सकेंगे। इसी तरह कलेक्टर कार्यालय के अंदर प्रवेश हॉल में किसी अन्य का प्रवेश नही होगा। यहाँ हॉल में बेरिकेट किया गया है।

# संसदीय निर्वाचन में 95 लाख रुपये तक अभ्यर्थी कर सकेंगे खर्च

## 50 हजार से अधिक राशि और 10 हजार के उपहार पाए जाने पर होगी जब्ती





### राजनीतिक दलों की व्यय निगरानी दलों का हुआ प्रशिक्षण

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** आम लोकसभा निर्वाचन-2024 में राजनीतिक दलों व अभ्यर्थीयों द्वारा किये जाने वाले व्यय की निगरानी के लिए दलों को प्रशिक्षित किया गया। जिला पंचायत सभागृह में हुए प्रशिक्षण में एफएसटी, एसएसटी, सहायक व्यय प्रेक्षक, एमसीएमसी और वीवीएसटी दल शामिल रहें। फ्लाइंग स्कॉट दल में एक कार्यकारी मजिस्ट्रेट, एक पुलिस अधिकारी, वीडियोग्राफर और 3 से 4 सशस्त्र पुलिस कर्मी शामिल होंगे। इसी तरह एसएसटी दल में एक कार्यकारी मजिस्ट्रेट, वीडियोग्राफर और 3-4 पुलिस कर्मी मौजूद रहेंगे। नोडल अधिकारी अमित मेरावी ने प्रशिक्षण में कहा कि किसी भी अभ्यर्थी को संसदीय क्षेत्र में आयोग ने 95 लाख रुपये तक व्यय सीमा निर्धारित की है। जबकि राजनीतिक पार्टी के व्यय की कोई सीमा निर्धारित नही है। फिर भी दलों को अपने-अपने क्षेत्रों से निकलने वाले वाहनों की जांच तत्परता से करनी होगी। जांच के दौरान वीडियोग्राफी आवश्यक रूप से करवाई जाए। जांच कार्यकारी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में सुनिश्चित करेंगे। यदि किसी भी पार्टी, व्यक्ति के पास से 50 हजार से अधिक राशि नकद पायी जाती है तो इस सम्बंध में दास्तावेजों की जांच की जाए। इसके अलावा किसी के पास से 10 हजार से अधिक राशि के उपहार या गिफ्ट पाए जाते है तो विधिवत जब्ती करना होगी। जब्ती के दौरान रिकार्ड/ वीडियो रिटर्निंग अधिकारी के कार्यलय में जमा करना होगा। यह रिकॉर्ड कोई भी व्यक्ति 300 रुपये की राशि जमा कर प्राप्त कर सकता है। जबकि 10 लाख रुपये से अधिक राशि पायी जाती है तो तैनात अधिकारी आयकर विभाग को सूचित करेंगे।

### आयोग की आंख नाक होते है व्यय प्रेक्षक

प्रशिक्षण में दलों को बताया गया कि आयोग द्वारा हर संसदीय क्षेत्र के लिए एक-एक व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया जाता है। जो आयोग के आंख नाक की तरह कार्य करते है। व्यय प्रेक्षक नाम निर्देशन पत्र जमा करने की तारीख तक पहुँचते है। इसके बाद परिणामों की घोषणा के 25 वे दिन आते है। वे जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ राजनीतिक दलों की उपस्थिति में लेखे में समाधान के लिए बैठक करते है। सभी अभ्यर्थियों को निर्वाचन समाप्ति के 30 दिनों के भीतर लेखें जमा करने होंगे।

### 19-19 एफएसटी व एसएसटी दल हुए नियुक्त

निर्वाचन के दौरान व्यय निगरानी के लिए प्रत्येक विधानसभा के लिए 3-3 एफएसटी व एसएसटी दल नियुक्त है सिर्फ बालाघाट विधानसभा में 4-4 दल नियुक्त किये गए है। इस तरह जिले में 19-19 एफ एस टी व एस एस टी दल नियुक्त किये गए है।

# सड़क हादसे में दो लोग घायल



**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** शासकीय जिला चिकित्सालय में भर्ती रिश्तेदार को देखने पहुंचे दो युवक जिला चिकित्सालय के सामने ही सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए जिसमे गंभीर रूप से घायल एक युवक को जिला चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है तो वहीं दुसरे युवक को मामूली चोटे आई है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक रिश्तेदारी में किसी को अस्पताल दिखने के लिए आए थे जहा से वापस घर जाते टाइम जैसे ही वह अपनी मोटर साइकिल से जिला चिकित्सालय के बाहर निकले उसी वक्त जय स्तंभ चौक की ओर से आ रही एक अज्ञात बुलेरों वहान ने तेज गति से लापारवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए युवकों को मोटर साइकिल को टक्कर मार दी, जिसमे दोनों ही युवक योगेन्द्र पिता श्यामू भोंडे 21 वर्ष निवासी इंदिरा नगर बालाघाट और आयुष पिता विजय मेश्राम 17 वर्ष निवासी इंदिरा नगर बालाघाट सड़क पर गिर कर घायल हो गए जीने तुरत ही मौके पर मौजूद लोगो ने जिला अस्पताल मे भर्ती कराया जहा योगेंद्र को मामूली चोट आने पर उसे छुट्टी दे दी गई तो वही आयुष मेश्राम का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

## शस्त्र लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित


**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने समस्त थाना क्षेत्रों में प्रपत्र-3 व प्रपत्र-5 में जारी किए गए शस्त्र लाइसेंस का निर्वाचन में दुरुपयोग होने की सम्भावनाओं को देखते हुए समस्त शस्त्र लाइसेंस निलंबित किये है। आयुध अधिनियम-1959 की धारा-17 की उपधारा 3 के तहत जारी आदेशनुसार ऐसे अनुज्ञप्ति धारक जिनका किसी व्यक्ति विशेष से जान माल का खतरा बना रहता तथा जिन्हें शस्त्र पास रखना अनिवार्य है। शस्त्र रखने की अनुमति के लिए नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे को बनाया गया है। साथ ही यह आदेश बैंक, पुलिस, राजस्व अधिकारियों केश वेन में लगे सुरक्षागार्ड व अन्य अत्यावश्यक सेवाओं के सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन पर लागू नही होगा।

रेवांचल टाइम्स अखबार के लिए विज्ञापन प्रतिनिधि (मार्केटिंग हेड) की आवश्यकता है...
सैलरी योग्यतानुसार
संपर्क करें..
मो. 9300790036, 7000977302,9424381516

चुनाव का पर्व- देश का गर्व लोकसभा निर्वाचन- 2024

# शासकीय अधिकारी- कर्मचारियों के लिए निर्देश

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन- 2024 की घोषणा 16 मार्च 2024 को की जा चुकी है। लोकसभा निर्वाचन की घोषण दिनांक से आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो चुकी है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले ने आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये हैं। संबंधित समस्त अधिकारी/ कर्मचारी निर्वाचन के दौरान आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः पालन किया जाना सुनिश्चित करेंगे।



## प्रस्तुत करना होगा प्रतिवेदन

जारी आदेश के अनुसार किसी भी शासकीय सम्पत्ति पर दीवार लेखन/ पोस्टर/ पम्पलेट/ कट आउट/ नारे/ होर्डिंग्स/ बैनर/ झंडे अन्य किसी भी प्रकार के विरूपण को संबंधित कार्यालय प्रमुख 24 घंटे के भीतर हटाकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को प्रतिवेदन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे। लोक सम्पत्ति के विरूपण एवं लोक परिसर/ भूमि के दुरूपयोग से रोके जाने के संबंध में किसी भी प्रकार के राजनैतिक विज्ञापन/ दीवार लेखन/ पोस्टर/ पम्पलेट/ कट आउट/ होर्डिंग्स/ बैनर/ झंडे आदि को हटायेंगे। लोक सम्पत्ति जैसे बस स्टेंड/ रोड/ विद्युत के खंबे/ नगर परिषद/ नगर पंचायत/ स्थानीय निकाय की सम्पत्ति के विरूपण को संबंधित कार्यालय प्रमुख 48 घंटे के भीतर हटाया जाना सुनिश्चित करेंगे।

## शासकीय कर्मचारियों को वापिस आने के निर्देश

समस्त शासकीय सम्पत्ति पर राजनैतिक/ गैर राजनैतिक/ नारे/ पोस्टर/ होर्डिंग्स/ पम्पलेट/ कट आउट/ झंडे जो संबंधित सम्पत्ति मालिक की बिना अनुमति के लाये गये हैं, उन्हें स्थानीय निकाय द्वारा 72 घंटे के भीतर मध्यप्रदेश सम्पत्ति विरूपण अधिनियम 1994 के प्रावधानों के तहत हटाये जाकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। शासकीय वाहनों के दुरूपयोग को रोकने के लिए भी राजनैतिक दल/ अभ्यर्थियों/ राजनैतिक व्यक्ति/ स्थानीय निकाय के अध्यक्ष/ उपाध्यक्ष/ सदस्य को प्रदाय शासकीय वाहन को 24 घंटे के भीतर वापस लिया जावे। उपरोक्त व्यक्तियों के निजी कार्यालय/ निवास स्थल पर कार्यरत ऐसे समस्त शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ स्थानीय निकाय के कर्मचारियों को भी 24 घंटे के भीतर तत्काल बुलायाकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

## कार्यो की दी जाये जानकारी

समस्त शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ निगम मंडल/ स्थानीय निकाय के कार्यालय प्रमुख/ कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने कार्यालयों से राजनैतिक दल से संबंधित व्यक्तियों/ अभ्यर्थियों के फोटोग्राफ्स/ बैनर/ पोस्टर हटाया जाना सुनिश्चित करे। समस्त लाइन डिपार्टमेंट यथा लोक निर्माण विभाग/ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी/ जल संसाधन विभाग, लोक निर्माण विभाग पीआईयू, हाउसिंग बोर्ड/ पीएमजीएसवाय/ सीएमजीएसवाय/ स्थानीय निकाय एवं अन्य कार्यालयीन प्रमुखों को निर्देशित किया गया कि वे 72 घंटे के भीतर इस कार्यालय को वर्तमान में चल रहे कार्य तथा जो कार्य शुरू नहीं किये गये हैं, उनकी सूची तत्काल प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। सहायक रिटर्निंग अधिकारी, समस्त नोडल अधिकारी, निर्वाचन व्यय लेखा अधिकारी, सहायक आयुक्त आबकारी विभाग को निर्देशित किया गया है कि आदर्श आचरण संहिता से संबंधित समस्त दल यथा एफएसटी, एसएसटी, व्हीएसटी एवं अन्य दलों को आदर्श आचरण संहिता अनुसार तत्काल प्रभाव से कार्य किये जाने के निर्देशित किया जाना सुनिश्चित करें। इस आदेश को तत्काल प्रभावशील किया गया है।

# नहरों से सिंचाई हेतु जल लेने किसानों से मांग पत्र आमंत्रित

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** ग्रीष्म सिंचाई वर्ष 2024- 25 की सिंचाई के लिए पानी का परिचालन एक मार्च 2024 से किया जा रहा है। करेली तहसील के अंतर्गत आने वाले समस्त किसान भाईयों से आग्रह किया गया है कि वे ग्रीष्म सिंचाई के लिए मांग पत्र भरकर कार्यपालन यंत्री रानी अवंती बाई लोधी सागर नहर संभाग क्रमांक- 1 करेली में प्रस्तुत कर नहरों से सिंचाई का लाभ प्राप्त करें। करेली के अंतर्गत मुख्य नहर आरडी 130.670 किमी से 135.500 किमी, सडूमर शाखा नहर से 20.61 किमी, डुंगरिया वितरण नहर आरडी से 20.80 किमी, अमोदा से 14 किमी एवं उसकी समस्त माइनर एवं सब माइनर नहरों में ग्रीष्म सिंचाई वर्ष 2024- 25 की सिंचाई के लिए पानी का परिचालन किया जा रहा है। किसानों से अपील की गई है कि वे नहरों के ऊपर तथा नहर सीमा (बारो एरिया) में फसल नहीं लगायी जावें। नहरों की सीमा में फसल लगाने पर होने वाले किसी भी प्रकार के नुकसान के लिए आप स्वयं जिम्मेदार रहेंगे। यह जानकारी कार्यपालन यंत्री रानी अवंती बाई लोधी सागर नहर क्रमांक 1 करेली श्री एसके मालवीय ने दी है।

## उत्कृष्ट विद्यालय मे प्रवेश हेतु आवेदन 30 तक

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा 9वीं सत्र 2024-25 में कुल 240 सीट हेतु प्रवेश चयन परीक्षा जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय प्रवेश चयन परीक्षा 2024-25 के आवेदन फॉर्म म.प्र. सरकार के पोर्टल पर निर्धारित शुल्क 200/- पोर्टल शुल्क सहित अंतिम तारीख 30 मार्च 2024 तक भर सकते है। ऑनलाईन आवेदन हेतु कक्षा 8वीं में अध्ययनरत छात्र/छात्राये एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क सेंटर पर कक्षा 7वीं उत्तीर्ण की अंकसूची, जन्म प्रमाण-पत्र एवं आरक्षण श्रेणी ई. डब्लू.एस/ एस.सी./ एस.टी./ ओ.बी.सी जाति प्रमाण पत्र तथा विकलांग श्रेणी के छात्र/छात्रायें अपनी श्रेणी से चयन हेतु आवेदन दर्ज करा सकते है। छात्र को पासपोर्ट सांइज कलर फोटो जिसमें छात्र का नाम, खिचवाने की दिनांक अंकित होना चाहिए। परीक्षा के केन्द्र जिला स्तरीय तथा आवेदन संख्या अधिक होने पर विकासखण्ड स्तरीय बनाये जावेगे। संभावित परीक्षा दिनांक 14 अप्रेल 2024 दिन रविवार को आयोजित की जावेगी। परीक्षा तिथि में परिर्वतन होने पर उत्कृष्ट विद्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है । आरक्षित श्रेणी से चयन होने पर सक्षम अधिकारी का मूल जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। प्रवेशपत्र एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से प्राप्त होगें। प्रवेश परीक्षा पूरे प्रदेश में एक साथ सम्पन्न होगी।



# कलेक्टर एवं एसपी ने किया चेकपोस्ट का निरीक्षण

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** लोकसभा निर्वाचन- 2024 के दृष्टिगत सीमावर्ती क्षेत्रों की गतिविधियों यथा अवैध शराब परिवहन, मादक पदार्थ, नकदी आदि पर निगरानी के लिए बनाये गये एसएसटी चेकपोस्ट पर राजस्व एवं पुलिस विभाग के अमले द्वारा जाँच की जा रही है। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने विधानसभा नरसिंहपुर के उमरिया एवं बरघटिया चेक पोस्ट पहुँचकर टीम द्वारा की जा रही वाहनों की जाँच की जानकारी ली। यहां ड्यूटी पर मौजूद दल से चर्चा भी की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जाये। सूचना तंत्र मजबूत कर जिले की फॉरेस्ट चौकियों को भी अलर्ट पर रखा जाये। मुख्य सड़क मार्ग के अलावा अन्य आंतरिक मार्गों पर भी नजर रखी जाये। अवैध सामग्री की जब्ती की कार्रवाई निरंतर जारी रहें। आने- जाने वाले वाहनों की सघन से जांच की जाये। इनकी एंट्री अलग से पंजी में की जाये। वैरीकेडिंग मजबूत करवायें। इसके अलावा ड्यूटी पर शिफ्टवार दल मौजूद रहें। एक दल के आने के बाद ही दूसरे दल को मुक्त किया जाये।

# बंदियों हेतु वृहद विधिक साक्षरता, जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** विगत दिवस मुख्य अतिथि द्वारकाधीश बंसल, न्यायधिपति मप्र उच्च न्यायालय जबलपुर एवं पोर्टफोलियों जज नरसिंहपुर की उपस्थिति तथा एम के शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर के आतिथ्य में वृहद विधिक साक्षरता व जागरुकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया । शिविर में श्रीमती निशा शर्मा मेडम, श्रीमती शीतला पटले, जिला कलेक्टर नरसिंहपुर, अमित कुमार, पुलिस अधीक्षक महोदय नरसिंहपुर, मुकेश शर्मा, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ नरसिंहपुर, वैभव सक्सैना, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर, राजेश सक्सैना, विधिक सहायता अधिकारी नरसिंहपुर, श्रीमती राजश्री श्रीवास्तव, विशेष न्यायाधीष, एट्रोसिटी एक्ट नरसिंहपुर, अखिलेश कुमार धाकड़, प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नरसिंहपुर, श्रीमती अपर्णा आर शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नरसिंहपुर, श्रीमती रश्मिना चतुवेर्दी, चतुर्थ अपर एवं जिला सत्र न्यायाधीश नरसिंहपुर, शुलभ जैन, सचिव अधिवक्ता संघ नरसिंहपुर, डॉ बोहरे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नरसिंहपुर, डॉ मरावी, सिविल सर्जन नरसिंहपुर एवं उनकी टीम उपस्थित रहें। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में न्यायिक व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधा, जेल नियमावली और बंदियों के अधिकार, न्यायालय में बंदियों के अपील की प्रक्रिया विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, बंदियों के लिए न्याय प्राप्ती की दिशा में आने वाली परेशानियों के हल के लिए जेल प्रशासन और विधिक साक्षरता कार्यक्रम अहम हिस्सा है, जो कि अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन से समय-समय पर बंदियों के लिए प्रयासरत रहकर उन्हे लाभान्वित कर रहे हैं। बंदियों को भी आगे आकर अपनी परेशानियों से पशासन को अवगत कराना चाहिये, जिससे कि समय रहते उनकी मदद की जा सके। अतिथियों ने केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर में बंदियों को प्रदाय सुविधाओं के संबंध में बंदियों से पुछताछ की। बंदियों ने प्रदत्त सुविधाओं से संतुष्ट होना बताया । जेल में संचालित बुनाई उद्योग, सिलाई कारखाना, पावरलूम, प्रिटिंग प्रेस, जेल अस्पताल, पाठशाला, जेल पाकशाला का भ्रमण कर भोजन, स्वास्थ्य और साफ सफाई व्यवस्था के लिए जेल प्रशासन की प्रशंसा की । कार्यक्रम में उपस्थित जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने अपने उदबोधन में बंदियों के सुधार के लिए जेल की गतिविधि एवं जेल में संचालित उद्योगों, स्वास्थय सुविधाओं की जानकारी से सभी को अवगत कराया। जिला पुलिस अधीक्षक ने अपने उद्बोधन में कानून व्यवस्था और जेल प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रकाश डाला। सुश्री अनुजा बंसल ने भी बंदियों को संबोधित कर जेल में संचालित सुविधाओं का व्याख्यान किया । शिविर में जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर की चिकित्सीय टीम द्वारा जेल में निरूद्ध बंदियों का सामान्य परीक्षण एवं प्राथमिक उपचार कर दवाईयॉ वितरित की गई। शिविर में लगभग 268 बंदियों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराकर स्वास्थ्य का लाभ लिया। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक , उप जेल अधीक्षक महेश प्रसाद टिकारिया, सहायक जेल अधीक्षक संतोष हरियाल, जेल चिकित्सा अधिकारी डॉ शुभम साहू, ओमकार झारिया, फार्मासिस्ट, श्रीमती रामबती सांकेत, मेलनर्स के साथ ही समस्त मेडीकल स्टॉफ उपस्थित रहा ।

# क्रीडा विभाग ने किया खिलाड़ियों हेतु ट्रैकिंग का आयोजन

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** गत दिवस स्थानीय स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर के क्रीडा विभाग द्वारा महाविद्यालय के खिलाड़ियों हेतु ट्रैकिंग का आयोजन किया गया फिट इंडिया कैंपेन एवं नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत खिलाड़ियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से बलवान बनाने हेतु क्रीड़ा विभाग द्वारा ट्रैकिंग पर रविवार को ग्राम गरारू जिला नरसिंहपुर ले जाया गया महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.ममता शर्मा एवं आईक्यूएसी प्रभारी व वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ सतीश दुबे द्वारा सभी खिलाड़ियों को उचित मार्गदर्शन दिया गया एवं मानसिक व सामाजिक स्तर पर कैसे अपने आप को प्रस्तुत करना है। नरसिंहपुर जिले के केंद्रीय विद्यालय की शारीरिक शिक्षा शिक्षक निवेदिता द्वारा विद्यार्थियों को शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में अपना करियर कैसे बनाए इसके बारे में बताया गया। महाविद्यालय के विद्यार्थी खेलों में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं



इस साल महाविद्यालय से विभिन्न खेलों में विद्यार्थियों ने जिला,संभाग व राज्य स्तर पर महाविद्यालय एवं आरडीवीवी का प्रतिनिधित्व किया। उन खिलाड़ियों हेतु महाविद्यालय लगातार नई नई योजनाएं बना रहा है और उनके उज्जवल भविष्य हेतु कई आयोजन करा रहा है क्रीडा अधिकारी अर्पित सक्सेना द्वारा बताया गया की ट्रैकिंग में 41 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया ट्रैकिंग का मूल उद्देश्य खिलाड़ियों को एक स्वस्थ माहौल देना है खिलाड़ियों को शारीरिक मानसिक एवं सामाजिक स्तर पर बल देना एवं सभी खेल के खिलाड़ियों के बीच एकजुटता बनाए रखने हेतु ऐसे आयोजन कराए जा रहे हैं खिलाड़ियों द्वारा पूरे गरारु परिसर की ट्रेकिंग की गई जिसमें गरुण मंदिर, शिव मंदिर, राम मंदिर, एवं नर्मदा जी के किनारे ट्रेकिंग की गई और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया गया। ट्रैकिंग उपरांत खिलाड़ियों द्वारा भरता बाटी बनाई गई एवं मनोरंजन हेतु खेल एवं नृत्य जैसे कार्यक्रम किए गये।

# योजनाओं एवं विज्ञापनों के होर्डिंग्स को हटाने के निर्देश

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की घोषणा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च 2024 को की जा चुकी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले ने घोषणा दिनांक से आदर्श आचरण संहिता लागू होने पर शासकीय व्यय पर सत्ताधारी पार्टी/ राजनैतिक दलों द्वारा उपलब्धियों को दशार्ने वाले किसी भी प्रकार की होर्डिंग्स प्रदर्शित न किए जाने तथा किसी भी प्रकार विज्ञापन समाचार पत्रों में एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया में नहीं दिये जाने के




निर्देश है। इस प्रकार के होर्डिग्स लगाये गये हो या विज्ञापन लगाए गए हों, तो उन्हे सक्षम अधिकारी द्वारा हटा दिया जाना चाहिए। क्षेत्र में इस प्रकार के होर्डिग्स एवं विज्ञापन यदि प्रदर्शित हो तो तत्काल हटाने की कार्यवाही कर अवगत कराने के निर्देश दिये हैं। ये निर्देश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, अनुविभागीय राजस्व अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत व मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दिये हैं।

# विद्युत लाइन व खंबों के पास ना करें होलिका दहन

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने सभी बिजली उपभोक्ताओं तथा आम नागरिकों से सुरक्षित होलिका दहन के लिये अपील की है। कंपनी ने कहा है कि बिजली के खंभे, ट्रांसफार्मर या फिर बिजली की ऐसी लाइनें जिसमें विद्युत प्रवाहित होती है, उनके नीचे होलिका दहन न करें। लाइनों के नीचे होलिका दहन से दुर्घटना की संभावना सदैव बनी रहती है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने सभी ग्रामीण एवं शहरी उपभोक्ताओं से अपील की है कि होलिका का आयोजन और होलिका दहन बिजली लाइनों से कुछ हटकर अन्य स्थान पर ही करें। आग की लपटों से एल्यूमिनियम तारों एवं बिजली केबल के गलने, जलने और टूटने की संभावना सदैव रहती है। इनके टूटने या गिरने से कोई भी बड़ी अप्रत्याशित घटना घट सकती है। कंपनी ने सभी बिजली उपभोक्ताओं एवं नागरिक बंधुओं से अपील है कि होलिका दहन बिजली की चालू लाइनों, उपकरणों से दूर करें और प्रसन्नता से त्यौहार मनाये।



## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना करेली के पास हुई सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हो गई पुलिस ने बताया कि ध्यान सिंह पिता पलटूराम लोधी उम्र 32 वर्ष निवासी करपगांव थाना करेली को अज्ञात वाहन द्वारा गांव के पास ही टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर परीक्षण के दौरान डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया ।

## जहरीली वस्तु का किया सेवन

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** गत दिवस युवक द्वारा जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया । पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मनोज पिता टीकाराम मलाह उम्र 26 वर्ष निवासी खापा थाना ठेमी द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

## ग्राम सभाओं की बैठकें स्थगित

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा किये जाने की दिनांक से आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले ने लोकसभा निर्वाचन- 2024 की कार्यवाही पूर्ण होने तक ग्राम सभाओं की बैठक स्थगित रखने के निर्देश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरसिंहपुर को दिये हैं।

# कन्यादान है श्रेष्ठ दान : कथा व्यास





**दैनिक रेवांचल टाइम्स करेली।** बीते दिवस से आयोजित श्रीमद भागवत कथा मे कथा व्यास श्री कृष्ण शास्त्री के श्रीमुख से वह रही धर्म की गंगा में आज शास्त्री जी द्वारा राधे सरकार के नाम की महिमा का वर्णन किया। माता-पिता के कन्यादान का महत्व का वर्णन करते हुए बताया कि एक पिता के लिए सबसे कन्या व्याहने की खुशी तो होती है, परन्तु वह पिता दिल पर कितना बड़ा पत्थर रखकर कन्यादान करता है जिस कलेजे के टुकड़े को जिसे जन्म से लेकर विवाह के दिवस तक लालन-पालन कर विवाह के दिन किसी अजनवी व्यक्ति के साथ विदा करता है, उस पिता के लिए उस कन्यादान दिवस से बड़ा कष्टदायी दिवस ओर क्या होगा । कन्यादान श्रेष्ठ दान होता है । आगे बताया कि सबसे अच्छा श्रृंगार भक्ति श्रृंगार होता है, गोपियों ने श्रीकृष्ण की भक्ति का श्रृंगार किया उन गोपियों से अच्छा कोई श्रंगार हो ही नहीं सकता । उक्त आयोजन यादव परिवार बाखर वाले परिवार मड़ेसुर द्वारा कराया जा रहा है।

रेवांचल टाइम्स
मंडला | बुधवार | 20 मार्च 2024

# आदिवासी जिले में जिस की लाठी उसकी भैस जैसा चल रहा कानून, कहावत को सिद्ध करता जनजाति कार्य विभाग

## वर्षों से जमे कर्मचारियों के चलते हो सकता है, चुनाव प्रभावित...

**दैनिक रेवांचल टाइम्स मंडला। इन दिनों मंडला जिले के सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विकास विभाग अपनी कार्य प्रणाली को लेकर शुर्खियो में बना हुआ है। आये दिन नये नये भ्रष्टाचार, गबन, पद का दुरूपयोग होना आम बात हो गई है और शिकवा शिकायतें होती है पर केवल कागजों और नोटिस के बल पर ही जाँच और कार्यवाही हो रही पर कार्यवाही केवल खाना पूर्ती तक ही सीमित हो कर रह गई है। और उसका परिणाम आज तक हुई शिकायतों में निष्कर्ष निकल कर आ रहा हैं**

**वहीं विभागीय नोटिस के बाद क्यों नही हो रही कार्यवाही क्या नोटिस की रस्म अदायगी होना है?**

### वर्षों से जमे कर्मचारियों की चल रही राजनीति से हो सकता है, लोकसभा चुनाव प्रभावित

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेरी लंबे समय से फूल फ्रेश प्राचार्य के लिए तरस रहा है, यहां संपूर्ण कार्य अतिरिक्त प्रभारी प्राचार्य के रूप में संचालित होता रहा है जहां पदस्थ शिक्षकों कर्मचारियों के मध्य कार्य, प्रभार एवं शासकीय फंड को लेकर बहस बाजी, मारपीट, गुटबाजी भ्रष्टाचारी एवं ग्रामीणों को बुलाकर राजनीतिकरण जैसे अनेको अनियमिताएं निरंतर होती रही हैं जिसकी पुष्टि पूर्व सहायक आयुक्त ने अपने पत्र में की है इसके अलावा विद्यालय में शिक्षकों का विलंब से आना, मनमर्जी चले जाना, विद्यार्थियों से मारपीट एवं धूम्रपान जैसी घटना भी ग्रामीणों द्वारा बताई गई जिसकी पुष्टि बाद में जबलपुर संभाग उपायुक्त की जांच में की गई, जिसमें पाया गया की 2008 से विद्यालय में कोई भी विधिवत रिकार्ड संधारित नहीं है, विगत सत्र की छात्रवृत्ति विद्यार्थियों को प्राप्त नहीं हुई है, शासकीय फंड के आय व्यय में अनेकों अनियमितएं हैं, जिस पर अनुमान लगाया जा सकता है कि तत्कालीक प्राचार्य द्वारा कितने शासकीय फंड का गबन किया गया होगा? यह समस्त भ्रष्टाचार तत्कालीक प्राचार्य एवं शिक्षक कर्मचारियों की जुगलबंदी और सहमति



से होता रहा है और जिसमें विभागीय उच्च अधिकारियों का भी सहयोग निरंतर दिया जा रहा है आज विद्यालय में कराए गए प्रयोगशाला भवन निर्माण एवं रिपेयरिंग कार्य में गलत पदार्थ का उपयोग किया जाने की शिकायत सीएम हेल्पलाइन एवं विगत सत्रों की समस्त कार्य की जानकारी हेतु आरटीआई लगी हुई है, जिसमें अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा आज जनजाति कार्य एवं कल्याण विभाग भ्रष्टाचार विभाग बन चुका है? आए दिन खुलासे किया जा रहे हैं किंतु उच्च अधिकारी के कान में जूं तक नहीं रेंग रही है।

### दोषियों कार्यवाही न होना अर्थात विभागीय लापरवाही या राजनीतिक हस्तक्षेप?

**पीएमश्री दर्जा प्राप्त स्कूल की हो रही छवि धूमिल, जिला प्रशासन की संदिग्ध भूमिका**

मंडला जनजाति कार्य विभाग की कार्यप्रणाली आज संदेह के घेरे में है निरंतर विभागीय अधिकारियों के बेतुके के आदेश निर्देश मनमाने संलग्नीकरण एवं भ्रष्ट कर्मचारियों पर कार्यवाही न करना विभाग की पहचान बनी हुई है, आदिम जाति बाहुल्य जिलों में सरकार द्वारा विद्यार्थियों के विकास एवं कल्याण हेतु पर्याप्त मात्रा में योजना एवं फंड दिया जाता है किंतु इनकी सुविधा ना तो विद्यार्थियों को मिलती है और ना ही पात्र उपभोक्ताओं, अभिभावकों को? लापरवाह, भ्रष्ट अधिकारी कर्मचारी ऊपर से नीचे तक जुगलबंदी करते हुए पूरे फंड का गबन करते हुए मौज कर रहे हैं, भ्रष्टाचार की शिकायतें तो होती है किंतु उच्च अधिकारी जांच के उपरांत भी दोषियों से पैसा लेकर कोई कार्यवाही नहीं कर करते हैं ऐसी एक घटना जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेरी की है, जो निरंतर सुर्खियों का केंद्र बना हुआ है किंतु चाहे हम बात जिले के सहायक आयुक्त की करें या जबलपुर संभाग उपायुक्त की दोनों अधिकारी निरंतर भ्रष्टाचार को बढ़ावा एवं भ्रष्टाचार्यों के संरक्षक बने हुए हैं जांच करना और जांच के बाद सौदा करना इनके दिनचर्या में शामिल है, वहीं सूत्र बताते हैं कि जिले में ऐसे बहुत से विद्यालय हैं जहां शिकायतों के बाद जांच की जाती है और जांच के उपरांत पैसा ले देकर मामला रफा दफा कर दिया जाता है।

मनेरी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेरी की कहानी यह है कि यहां वर्षों से हो रहे भ्रष्टाचार की पुष्टि होने के बाद भी दशकों से जमे शिक्षक एवं कर्मचारियों को नहीं बल्कि ईमानदार प्राचार्य जो मात्र 1 वर्ष पूर्व विद्यालय आए थे को दोषरोपण कर पैसे ना मिलने की वजह से निलंबित कर हटा दिया गया जनजाति कार्य विभाग की संदिग्ध कार्य प्रणाली आज जनचर्चा का विषय बनी हुई है?

### शासन की रामराज लाने की मंशा पर सरेआम पानी फेरा जा रहा है।

जैसा सामने लोकसभा चुनाव है, अगर इस विद्यालय मे यही स्थिति बनी रही तो कहीं न कहीं से स्कूल की राजनीति का चुनाव मे प्रभाव पड़ सकता है जिसे जिला निर्वाचन अधिकारी को संज्ञान में लेते हुए वैधानिक कार्यवाही की जानी चाहिए। अन्य यह वर्षों से जमे कर्मचारी अपनी राजनीतिक कर चुनाव को प्रभावित कर सकते हैं।

### कार्यवाही न होना अर्थात राजनीतिक हस्तक्षेप-

वही सूत्रों की मानें तो शिक्षा विभाग के समस्त उठापटक में, भ्रष्टाचारों को खुला संरक्षण देने में एवं दोषियों पर कोई कार्यवाही न करने में राजनीतिक संरक्षण मिला रहा है। जहा पर समस्त भ्रष्टाचार उनके संरक्षण के तले किया जा रहा है यह बात कहां तक सत्य है जिसकी पुष्टि विभागीय अधिकारी कर सकते हैं? क्या शिक्षा के मंदिर कहे जाने वाले विद्यालय में इस प्रकार का भ्रष्टाचार होना चाहिये, अगर होंते है तो छात्र क्या सीखेंगे और अगर इन जैसे भ्रष्टाचारियों पर कोई कार्यवाही न करना कहां तक उचित है? और समस्त समाज में इसका क्या प्रभाव पड़ेगा यह प्रश्न विचारणीय है।

### सहायक आयुक्त ने तीन को दिये नोटिस कार्यवाही हुई एक पर...

विद्यालय में गुटबाजी, राजनीति एवं अनेको अनियमिताओं पर सहायक आयुक्त ने विद्यालय में शिक्षकों द्वारा मारपीट, गुटबाजी एवं राजनीतिकरण जैसी अनियमिताओं की पुष्टि कर नोटिस जारी किया किंतु किसी भ्रष्टाचारी पर कार्यवाही करना उनके बस में नही था। यह जांच तो दूर रही इसी बीच तत्कालीन प्राचार्य की शिकायत सहायत आयुक्त मण्डला मे की गयी कार्रवाई न होने पर जबलपुर संभाग उपायुक्त पर शिकायत की जहां जबलपुर संभाग उपायुक्त की टीम ने आचार संहिता के समय ही जिले में बिना कोई सूचना दिए जल्द से जल्द जांच की और जांच उपरांत विद्यालय की अव्यवस्थाओं एवं अनियमितताओं की सूची बनाकर दोषियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया और उनके ऊपर कार्यवाही कर निलंबित कर दिया गया। किन्तु अन्य दोषियों के ऊपर कार्यवाही नही की गयी। पूर्व प्राचार्य शुभेंदु दास को पुनः कुछ दिनों बाद बहाली कर उन्हें प्राचार्य को उत्कृष्ट विद्यालय बीजाडांडी में प्रभारी प्राचार्य के पद पर नियुक्त किया गया, जहां सेवानिवृत प्राचार्य द्वारा सेवानिवृत्ति के उपरांत उन्हें जॉइनिंग दी गई किंतु प्रभार नहीं दिया गया वहां एक माह कार्यकाल करने के दौरान ही उन्हें सेवानिवृत्ति प्राचार्य के दो माह एक्सटेंशन आदेश होने पर उनकी नियुक्ति नए विद्यालय हाई स्कूल विजयपुर में कर दी गई, पर अन्य कर्मचारी जिन्हें विभागीय नोटिस मिला था वे आज भी राजनीति और गुटबाजी मे संलिप्त हैं। जिससे पीएमश्री पदर्जा प्राप्त विद्यालय का नाम धूमिल होने के साथ अध्ययन कर रहे बच्चों का भविष्य चौपट हो रहा है। समस्त प्रकरण से मालूम चलता है कि अधिकारी विद्यालय के विकास विद्यार्थियों की शिक्षा व्यवस्था के प्रति चिंतित न होकर पैसा और वजनदारी के अधीनस्थ है जिसकी पैसा और पहुंच ऊपर तक है उनके पक्ष में सारे आदेश हो रहे हैं? पूरा विभाग घोटाले भ्रष्टाचार और पैसों के लेनदेन में सनलिप्त है?

# गौराछापर सरपंच सचिव और आरईएस के अधिकारियों ने दो मंजिला तालाब बना दिया कागज में ग्राम की जनता खोज रही है

## 20 एमएम का लोहा बिना लगाए ही सरपंच ने सचिव और उपयंत्री ने मासूम ट्रेडर्स के नाम फर्जी बिल लगाकर निकली राशि

**दैनिक रेवांचल टाइम्स मंडला।** जिले के जनपद पंचायत नैनपुर से एसडीओ और उपयंत्री जांच दल ग्राम पंचायत गौराछापर में नवीन तालाब और अमृत सरोवर तालाब को खोजने के लिऐ अधिकारी आए थे। मगर मौके पर सरपंच पति सीताराम टेकाम अपनी शासकीय ड्यूटी छोड़ अधिकारियों के पास पहुंच गए और तालाब निर्माण कार्य में हुऐ घोटाले को दबाने के लिऐ हर संभव प्रयास किया जा रहा है। मगर ग्रामवासियों की शिकायत पर आज तक कोई कार्यवाही नही की गई। जिसके कारण सरपंच के हौसले बुलंद है। वही जब भी कोई जांच पंचायत में आती है। तो सरपंच पति जोकि शिक्षक है। अपनी ड्यूटी छोड़कर सबसे पहले उपस्थित रहता है। जिसके कारण ग्राम वासियों में भारी विरोध रहता है।

### ग्रामवासी खोज रहे है। दो मंजिला तालाब मगर मिला नही आज तक तालाब :

ग्राम पंचायत के कुछ जागरूक नागरिकों ने जब जिला पंचायत और जिला कलेक्टर को शिकायत की ओर सूचना के अधिकार में जानकारी मांगी तो आज तक अधिकारी जानकारी नहीं दे पाए और मामले को दबाने को पूरा प्रयास कर रहें है। वही ग्रामीणों का कहना है। कि नवीन तालाब के अधूरे कार्य को बंद कर अमृत सरोवर तालाब 15 लाख रुपए का स्वीकृति कराकर उसी तालाब के उपर मट्टी डालकर नवीन तालाब को अमृत सरोवर तालाब के नाम से पैसों का आहरण किया गया है। वही जनपद पंचायत नैनपुर से आई जांच टीम ने बताया कि सरपंच भागीरथी गोंड और सचिव के द्वारा एक ही जगह पर दो तालाबों का निर्माण कार्य किया गया है। जांच के समय सरपंच पति सीताराम गोंड अपना मुंह दुपट्टा से छिपाते देखा गया जबकि उसको स्कूल में होना चाहिए था।

**इनका कहना है।**

मुरलीटोला तालाब निर्माण में सरपंच और सचिव और उपयंत्री के द्वारा दो मंजिला तालाब का निर्माण किया गया है। जिसमे कोई लोहा का प्रयोग नहीं किया गया है। और फर्जी बिल लगा कर राशि का आहरण किया गया है। मगर मौके में कोई गेट नही है।

**रामलाल उपसरपंच**
**गौराछापर ग्राम मुरलीटोला**

### जनपद पंचायत नैनपुर के अधिकारी नही दे रहें है। दस्तावेज

ग्राम पंचायत में वर्ष 2018 में नवीन तालाब स्वीकृत कराया गया था। तालाब की लागत राशि चौबीस लाख अठ्ठासी हजार थी । वही पंचायत ने नवीन तालाब का निर्माण पूरा नहीं किया और सीसी जारी करवा कर उसी तालाब में ऊपर मिट्टी डालकर अमृत सरोवर तालाब निर्माण कार्य करवा दिया गया है जिसकी स्वीकृति राशि पन्द्रह लाख रुपए है। वही अमृत सरोवर तालाब का आज भी निर्माण कार्य अधुरा है। वही सरपंच और सचिव उपयंत्री ने ऐसा कारनामा किया है। कि नवीन तालाब निर्माण कार्य अधुरा था। और निर्माण कार्य एजेंसी ग्राम पंचायत गौराछापर सरपंच सचिव उपयंत्री ने तालाब निर्माण कार्य में हुआ भारी घोटाला हुआ तालाब निर्माण कार्य में गेट बनाने के लिए पिंडरई मासुम ट्रेडर्स के बिल लगाए गए हैं। जिसमें 20 एमएम लोहा का प्रयोग किया है। जिसका भुगतान भी निर्माण एजेंसी के द्वारा सत्तर हजार रुपए का बिल भुगतान किया गया है। जबकि ग्रामवासियों और तालाब निर्माण कार्य में काम करने वाले मजदूरों का कहना है।कि तालाब के गेट पर कोई लोहा नहीं लगाया गया है। निर्माण कार्य सरपंच पति सीताराम तेकाम मासुम ट्रेडर्स के यहां से फर्जी बिल लगाकर पैसौ का आहरण कर लिया गया है। वही विभाग को संपूर्ण जानकारी होने के बाद भी कार्यवाही करना एक संदेह के घेरे में है। जब ग्राम वासियों ने शिकायत की जनपद पंचायत के अधिकारियों ने जांच तो बैठा दी मगर आज तक क्या कार्यवाही हुई किसी को नही पता है।




# व्यय लेखा टीम का प्रशिक्षण संपन्न

**दैनिक रेवांचल टाइम्स मंडला।** मंडला लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत व्यय लेखा टीम का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी विधानसभा क्षेत्र की लेखा टीम परस्पर समन्वय से कार्य करें। एफएसटी एवं एसएसटी द्वारा की जाने वाली कार्यवाहियों पर भी नजर रखते हुए नियमानुसार संबंधितों के व्यय खाते में राशि जोड़ने की कार्यवाही करें। इसी प्रकार मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी द्वारा पेड न्यूज पाए जाने पर उसका भी व्यय संबंधित अभ्यर्थी के खाते में जोड़ें। कलेक्टर ने रेट निर्धारण, सूचनाओं के आदान प्रदान सहित अन्य बिन्दुओं पर आवश्यक निर्देश दिए। प्रशिक्षण में मंडला संसदीय क्षेत्र के सभी आठों विधानसभा क्षेत्र की व्यय लेखा टीम सम्मिलित हुई। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर अरविंद सिंह, डिप्टी कलेक्टर एलएस जगेत, जिला कोषालय अधिकारी अखिलेश नेटी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# अचानक बदला मौसम का मिजाज ग्रामीण अंचल बने शिमला चोरों ओर बर्फ की बिछी सफेद चादर

**दैनिक रेवांचल टाइम्स मंडला।** जिले में अचानक मौसम का मिजाज तीन दिनों से बदला हुआ वही कुछ दिनों पहले से सूर्य देव ने तो लोगो को गर्मी का अहसास करा दिया पर शनिवार से अचानक बादल उमड़ गए और जिले भुआ बिछिया, मवई, घुघरी, मंडला सहित हवाओ के साथ साथ बारिश भी हुई पर मंगलवार को अचानक से शाम 3 से 4 बजे के बीच मंगली मोतीनाला मवई में इंद्रदेव ने बड़े बड़े ओल गिरा दिये लोगों को अपनी जान के साथ साथ घरों में पाले हुए जानवरों को बचाना भी मुश्किल पड़ गया अचानक से अफरा तफरी मच गई जहाँ देखो वहाँ पर सफेद चादर ओल से बिछी हुई दिखाई पड़ रही थी मानो की मंडला जिले के कुछ ग्राम शिमला बन गया हैं।



वही अचानक से हुई बारिश और ओल के कारण किसानों की फसलें चौपट हो गई उनके माथे में चिन्ता की लकीरें साफ दिखाई पड़ रही है और ओल इस तरह से गिरी की ग्रामीणों के घरों के खपरे तो फुट गए रहने तक कि समस्या का सामना करना पड़ रहा हैं। गरीबों का बहुत नुकसान हुआ हैं। और कुछ ग्रामीण भी इस ओले से घायल होने की जानकारियां प्राप्त हुई है।

# 58 हजार कीमत की 10 पेटी अंग्रेजी शराब थाना महाराजपुर पुलिस ने किया जब्त

**दैनिक रेवांचल टाइम्स मंडला।** मुख्यायल के उपनगर थाना महाराजपुर के द्वारा आचार सहिता के दौरान अबैध शराब के विरूद्व बडी कार्यवाही की गई जहा पर अबैध शराब की जप्ती

*06 पेटी अंग्रेजी गोवा व्हिस्की कुल 300 क्वार्टर कुल 54 वल्क लीटर कीमती 36000/ रुपए
*04 पेटी अंग्रेजी जीनियश व्हिस्की कुल 200 क्वार्टर कुल 36 वल्क लीटर कीमत 22000/ रुपए
* एक बिना नम्बर की हीरो कंपनी की स्पेण्डर कीमती 60000/ रुपए कुल मसरूका 1 लाँख 18 हजार रुपए

आपको बता दें कि लोकसभा चुनाव- 2024 के मुद्देनजर आचार सहिता दिनांक-16 मार्च से प्रभावी हैं।




वही मंडला पुलिस द्वारा समस्त थाना क्षेत्र में लगातार पैदल मार्च किया जा रहा साथ ही थाना क्षेत्र अंतर्गत किसी भी अवैध गतिविधियों की सूचना पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जा रही हैं। वही जानकारी के अनुसार दिनांक 18.03.2024 को थाना प्रभारी महाराजपुर पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम रामबाग पानी टंकी के पास कुछ लोग भारी मात्रा मे अग्रेजी शराब बिक्रय करने की नियत से सग्रहित की जा रही है- सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुऐ एसडीओपी मंडला के निर्देश पर टीम मुखबिर के बताये स्थान पर पहुँचे तो दो व्यक्ति पानी की टंकी के पास खेत मे धान के पैरा से शराब की पेटिया निकाल रहे थे जो पुलिस को देखकर भागने लगे जिन्हे पुलिस द्वारा घेराबन्दी कर पकडने के प्रयास किया परन्तु खेतो मे फसल होने से पुलिस से छिपकर भाग गये बाद धान के पैरा को हटाकर देखा गया तो उसमे 10 पेटी अबैध अग्रेजी शराब रखी होना पाया गया पास मे ही एक बिना नम्बर की हीरो कंपनी की स्पेन्डर मोटर सायकिल खडी मिली उक्त अबैध शराब में 06 पेटी अग्रेजी गोवा व्हिस्की कुल- 300 क्वार्टर कुल - 54 वल्क लीटर कीमती- 36000/ रुपए- 04 पेटी अंग्रेजी जीनियश व्हिस्की कुल- 200 क्वार्टर कुल- 36 वल्क लीटर कीमत -22000/ रुपए, एक बिना नम्बर की होरो कंपनी की स्पेण्डर मो. सा. जिसका नम्बर कीमती 60000/ रुपए जिसे मौके पर गवाहो के समक्ष विधिवत जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया गया- थाना महाराजपुर में दोनो फरार आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया एवं पुलिस द्वारा दोनो आरोपियों की तलाश की जा रही हैं। उक्त कार्यवाही निरीक्षक ममता परस्ते के नेतृत्व में उनि. सुरजीत सिह परमार चौकी हिरदेनगर, सउनि कृष्णकुमार चौबे .सउनि रमेश पाल प्र.आर. रोशन लाल नेगी आर. प्रियांस पाठक रतीराम हरीदास बिझिया परमवीर एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।




स्वामी,प्रकाशक, मुद्रक, मुकेश श्रीवास द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन जबलपुर 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं सिविल लाईन जवाहर वार्ड मंडला से प्रकाशित। प्रधान संपादक-मुकेश श्रीवास, सिविल लाईन, जवाहर वार्ड मंडला । मो. 9406771592, संपादक - प्रहलाद उइके
RNI. Reg. No MPHIN/2016/69877 (समाचार पत्र के लिये पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार) (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार मंडला) Email:- revanchaltimes@gmail.com web-revanchaltimes.in

2047 के विकसित भारत के लिए वोट करें नवमतदाता

# जिन्होंने भगवान राम का अपमान किया, उन्हें उखाड़ फेकें: विष्णुदत्त शर्मा

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव होने वाले हैं और हमारे नव मतदाता नई सरकार बनाने, देश के प्रधानमंत्री और सांसदों को चुनने के लिए तैयार हैं। लेकिन इस चुनाव में जाने से पहले 18-19 साल के जो नव मतदाता हैं, उनका यह जान लेना जरूरी है कि 2003 में मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार बनने से पहले प्रदेश की क्या हालत थी? 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने से पहले देश की क्या हालत थी? नव मतदाताओं के लिए यह जान लेना जरूरी है कि भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैसे देश और प्रदेश को उस विकट परिस्थिति से निकाला और किस तरह देश-प्रदेश का कायाकल्प किया। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने सागर में आयोजित नव मतदाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। सम्मेलन को सागर सांसद राजबहादुर सिंह, पार्टी की प्रदेश मंत्री व लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती लता वानखेडे, जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया एवं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष यश अग्रवाल ने भी संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने नरयावली में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता बैठक एवं बंडा में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया।




## भ्रष्टाचार का प्रतीक बन गया था भारत

प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक देश पर शासन किया। लेकिन 2014 से पहले जब कोई भारतीय विदेशों में जाता था, या वहां से कोई प्रतिनिधिमंडल भारत के दौरे पर आता था, तो पता चलता था कि भारत को दुनिया में एक भ्रष्टाचारी देश के रूप में जाना जाता है। कांग्रेस की सरकारों के समय हर दिन नए घोटाले होते थे। कांग्रेस के ही एक प्रधानमंत्री राजीव गांधी को यह कहने पर विवश होना पड़ा था कि हम गरीबों के लिए एक रुपया भेजते हैं, तो 15 पैसे ही उस तक पहुंच पाते हैं। बाकी 85 पैसे दलालों, बिचौलियों और भ्रष्टाचारियों की भेंट चढ़ जाते हैं। कांग्रेस के जमाने में जब देश का प्रधानमंत्री विदेश यात्राओं पर जाते थे, तो वहां के अखबारों में कार्टून छपते थे कि भारत के प्रधानमंत्री कटोरा लेकर आए हैं और जब दौरा समाप्त कर लौटते थे, तो यह छपता था कि खाली कटोरा लेकर लौट गए।

## न देश सुरक्षित था, न उसकी सीमाएं

प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के जमाने में न देश सुरक्षित था और न उसकी सीमाएं सुरक्षित थीं। आए दिन कहीं पर भी आतंकवादी हमले हो जाते थे, बम विस्फोट होते थे। उस समय में हर सार्वजनिक स्थान पर यह सूचना लिखी होती थी कि किसी लावारिस वस्तु को हाथ न लगाएं, उसमें बम हो सकता है। केरल, तेलंगाना और आंध्रप्रदेश से लेकर छत्तीसगढ़ और झारखंड तक नक्सलवाद का बोलबाला था। आपके जैसे राष्ट्रवाद के लिए काम करने वाले न जाने कितने नौजवानों ने नक्सली राज्यों में अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। देश की सीमाओं की स्थिति यह थी कि पाकिस्तान और बांग्लादेश के सैनिक हमारे सैनिकों के सिर काटने के बाद उनसे फुटबाल खेला करते थे। कश्मीर में धारा 370 के कारण आतंकवाद फन फैला चुका था और पाकिस्तान प्रेरित आतंकवादी हमारी माता-बहनों की हत्या करने से पहले उनके वक्ष पर पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लिख देते थे। यही नहीं, कांग्रेस के जमाने में जब चीन आंखें दिखाता था, तो देश के प्रधानमंत्री अरुणाचल प्रदेश का दौरा निरस्त कर देते थे।

## आज सुरक्षित हाथों में है देश

शर्मा ने कहा कि मैं देश के भविष्य का निर्माण करने वाली पीढ़ी के युवा साथियों से यह पूछना चाहता हूं कि 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद क्या कभी सुना है कि कहीं पर विस्फोट या आतंकवादी हमला हुआ है? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमारी सेनाओं को इतना सक्षम और अधिकार संपन्न बना दिया है कि अगर आज कोई आतंकवादी घुसपैठ करता है, तो उसे गोली मारने से पहले हमारे सैनिकों को सोचना नहीं पड़ता और न ही दिल्ली से आदेश की प्रतीक्षा करना पड़ती है। हमारी सेना इतनी ताकतवर और सक्षम है कि वह आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर मारने से भी नहीं चूकती। कश्मीर से जिस धारा 370 को हटाने के लिए डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने अपना बलिदान दिया था, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उसे एक झटके में हटा दिया। उस समय कांग्रेस और सहयोगियों ने संसद में कहा था कि अगर धारा 370 हटी, तो देश टूट जाएगा, कश्मीर जल जाएगा। लेकिन न देश टूटा और न कश्मीर जला। प्रधानमंत्री ने पदभार ग्रहण करते ही करोड़ों लोगों के जनधन एकाउंट खोले और आज जब केंद्र सरकार किसी गरीब के लिए एक रुपया भेजती है, तो डीबीटी के माध्यम से पूरा एक रुपया उसके खाते में जाता है। कोई दलाल नहीं, कोई बिचौलिया नहीं। यह नया भारत है, जो आपकी पीढ़ी के नेतृत्व में खड़ा हो रहा है।

## दुनिया में बढ़ रहा भारत का मान-सम्मान

प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने दुनिया में भारत की छवि को बदल दिया है। आज हमारे प्रधानमंत्री जब किसी देश के दौरे पर जाते हैं, तो चाहे वह हम पर सैकड़ों सालों तक शासन करने वाला ब्रिटेन हो, या मोदी को वीजा न देने वाला अमेरिका हो, वहां उनके स्वागत में लाल कालीन बिछाए जाते हैं। आज अमेरिका के राष्ट्रपति हमारे प्रधानमंत्री के साथ इसलिए सेल्फी लेना चाहते हैं, ताकि उन्हें वहां के चुनाव में इसका फायदा मिल सके। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में डिजिटल लेनदेन को इतना आम बना दिया है कि आज गांव में एक चाय वाला भी कहता है कि आप ऑनलाइन पेमेंट कर सकते हैं। विकास के लिए नई तकनीक का प्रयोग करने वाला यह नया भारत है।

## जिन्होंने भगवान राम का अपमान किया, उन्हें उखाड़ फेकें

प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने नव मतदाताओं से कहा कि 22 जनवरी को 500 वर्षों के इंतजार और संघर्ष, लाखों लोगों के बलिदान के बाद राम मंदिर में भगवान रामलला की प्राणप्रतिष्ठा हुई। संघर्ष के उस दौर में हम नारा लगाते थे- रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। हम यह भूल नहीं सकते कि उस समय सपा की मुलायमसिंह यादव की सरकार ने रामभक्तों पर गोलियां चलवाकर उनकी हत्या की थी। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा हुई और इस कार्यक्रम के लिए सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत अन्य नेताओं को निमंत्रण दिया गया था। लेकिन सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मध्यप्रदेश में दिग्विजयसिंह समेत तमाम नेताओं ने प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार कर उन भगवान राम का अपमान किया, जो दुनिया के करोड़ों भक्तों के हृदय में विराजमान हैं। क्या ऐसे लोगों को भारत में रहने का अधिकार है? शर्मा ने कहा कि आप सभी से मेरा आह्वान है कि लोकतंत्र के इस महापर्व में भगवान राम का अपमान करने वाले इन नेताओं को उखाड़ फेकें।

## मोदी ने लिया 2047 तक भारत को विकसित बनाने का संकल्प

प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि मोदी को एक बार फिर देश का प्रधानमंत्री क्यों बनना चाहिए? जब हम इस बारे में सोचते हैं, तो पता चलता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के अमृतकाल में वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का संकल्प लिया है और वे सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, और सबका प्रयास के मंत्र के साथ इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। 2047 में देश की बागडोर आपकी पीढ़ी के हाथों में होगी और आप में से ही कोई सांसद, कोई विधायक, कोई मंत्री बनेगा। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश जिस रास्ते पर आगे बढ़ रहा है, उससे यह स्पष्ट है कि भारत एक बार फिर विश्वगुरु बनेगा और इसकी शुरूआत 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ हो चुकी है।

## मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने हर बूथ पर जनता चुनाव लड़ रही

सागर जिले के नरयावली विधानसभा के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी का प्रत्याशी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि पार्टी कार्यकर्ता हर बूथ पर प्रत्याशी बनकर चुनाव लड़े। लेकिन इस लोकसभा चुनाव में तो नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा की तरफ से जनता चुनाव लड़ रही है। पूरे देश की जनता मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है। शर्मा ने कहा कि भाजपा ऐतिहासिक बहुमत से चुनाव तो जीत रही है, लेकिन किसी कार्यकर्ता को यह भ्रम नहीं होना चाहिए कि हम चुनाव जीत रहे हैं। सभी कार्यकर्ता पूरे उत्साह और उमंग के साथ क्षेत्र में पार्टी के लिए कार्य करें।

## कांग्रेस ने रामभक्तों पर गोली चलाने वालों से समझौता किया

प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि 500 वर्षों के संघर्ष और लाखों लोगों के बलिदान के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हुआ है। सागर जिले सहित मध्यप्रदेश वे देशभर की जनता जब रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे का उद्घोष करते हुए अयोध्या जा रही थी, उन रामभक्त कारसेवाकों पर गोली चलाने वाली पार्टी के साथ कांग्रेस ने खजुराहो लोकसभा सीट पर समझौता किया है। कांग्रेस ने 22 जनवरी को भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकराकर आयोजन का बहिष्कार किया है। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का बहिष्कार करने वालों को जनता सबक सिखाने के लिए तैयार है। इस अवसर पर सांसद राजबहादुर सिंह, सांसद प्रत्याशी श्रीमती लता वानखेड़े, विधायक प्रदीप लारिया, जिला अध्यक्ष गौरव सरौठिया उपस्थित रहे। नवमतदाता सम्मेलन में पार्टी के प्रदेश मंत्री प्रभुदयाल कुशवाह, विधायक शैलेंद्र जैन, महापौर श्रीमती संगीता तिवारी, लोकसभा प्रभारी जयप्रकाश चतुर्वेदी, जिला प्रभारी श्याम सुंदर शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, लोकसभा सह संयोजक श्याम तिवारी, नगरनिगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, अनुराग प्यासी, प्रदेश पैनलिस्ट प्रदीप राजोरिया, श्रीकांत जैन, आलोक केसरवानी सहित जिला पदधिकारी व नवमतदाता उपस्थित रहे।

# कॉपियां जांचने में लग रहा समय

## अप्रैल तक जांच प्रक्रिया पूरा करने का लक्ष्य

**भोपाल।** मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं-12वीं की परीक्षा पूरी हुए काफी समय बीत चुका है। ऐसे में अब बच्चों को रिजल्ट का इंतजार है। एग्जाम होने के बाद हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षाओं की कॉपियां जांचने का काम भी शुरू हो गया है। बोर्ड परीक्षाओं के मूल्यांकन का काम करीब 50प्रतिशत पूरा हो चुका है। इसके विपरीत सिर्फ 10वीं और 12वीं ही नहीं बल्कि नवीन और ग्यारहवीं की परीक्षाएं भी पूरी हो चुकी हैं और उनकी कॉपियां जांचने का काम भी अपने अंतिम चरण पर है, लेकिन ऐसे कई विषय हैं जिनकी कॉपी जांचने में समय लग रहा है। कॉपियों की चेकिंग में समय लगने का मुख्य कारण है कुछ ऐसे विषय जिनके शिक्षक बाकी विषयों की तुलना में कम है। इस तरह के विषय में मुख्य रूप से मराठी, गुजराती, पंजाबी, हिंदी जैसे विषय शामिल है। इन विषयों की शिक्षक सभी जिलों में आसानी से नहीं मिलते हैं। जबकि मुख्य विषय जैसे हिंदी, इंग्लिश, मैथ, साइंस आदि के शिक्षकों की उपलब्धता आसानी से हो जाती है। मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल के अधिकारियों के मुताबिक अप्रैल के शुरूआती दिनों में जांच पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। आपको बता दें कि मराठी की



कॉपी चेकिंग के लिए आमतौर पर सीहोर, विदिशा, सागर में कम ही शिक्षक मिलते हैं। ऐसे में उन जिलों में कॉपी भेजी जाती है जहां इनकी उपलब्धता हो और समय से कॉपी चेकिंग का काम पूरा हो सके। ऐसे शिक्षक ग्वालियर, इंदौर, बालाघाट, बुरहानपुर में उपलब्ध होते हैं। इसी तरह अन्य भाषाओं में भी यह ध्यान रखना होता है कि कॉपी चेकिंग का काम समय से पूरा हो सके। इधर नवीन और 12वीं की कॉपी की भी जांच की जा रही है और मार्च के महीने में ही नवीन और 12वीं की कॉपियों की जांच पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है। गौरतलब है कि इस साल मध्य प्रदेश बोर्ड 10वीं की परीक्षा 5 फरवरी से 28 फरवरी और एमपी बोर्ड 12वीं की परीक्षा 6 फरवरी से 5 मार्च 2024 तक आयोजित की गई थी।

# भोपाल में 10 हजार आर्म्स लाइसेंस निलंबित

### लोकसभा चुनाव में थाने में जमा कराना होंगे लाइसेंसी हथियार

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव की घोषणा 16 मार्च को होने के साथ ही देश में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। आचार संहिता लागू होते ही निष्क्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए लाइसेंसी हथियार थानों में जमा कराना होते हैं। इसी के तहत सागर जिले में लाइसेंसी हथियार जमा करने के प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिले के सभी लाइसेंसी हथियार धारकों को अपने नजदीकी थाने में हथियार जल्द जमा कराना होंगे। इसके अलावा जिले के वैध आर्म्स डीलर के यहां भी लोकसभा निर्वाचन की संपूर्ण अवधि तक हथियार जमा करा सकते हैं। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होते ही भोपाल जिले के करीब 10 हजार आर्म्स लाइसेंस सस्पेंड कर दिए गए हैं। अगले 7 दिन में हथियार थानों या फिर आर्म्स डीलर्स के यहां जमा कराने होंगे। ऐसा नहीं करने पर आचार संहिता के उल्लंघन का केस दर्ज किया जाएगा। बता दें कि भोपाल जिले में करीब 10 हजार लोगों के पास हथियार के लाइसेंस हैं। इन्हें आचार संहिता लागू रहने तक अपने लाइसेंस जमा कराने होंगे। ऐसे सरकारी अधिकारी-कर्मचारी जो चुनाव कार्य में लगे हैं। पुलिस, बैंक गार्ड, किसी धार्मिक, कानून एवं परंपरा के अंतर्गत अस्त्र-शस्त्र धारित करने वाले लोग, अर्द्ध सैनिक बल आदि को शस्त्र रखने की छूट है। बाकी लोगों के शस्त्र लाइसेंस सस्पेंड किए गए हैं। लोकसभा चुनाव के परिणामों की घोषणा के तत्काल बाद बगैर किसी आदेश की प्रतीक्षा किए जमाशुदा शस्त्र वापस किए जाएंगे।

# सरकारी रेस्ट हाउसों को चुनावी अड्डा न बननें दें कलेक्टर

## आचार संहिता का कढ़ाई से करें पालन

**भोपाल।** प्रदेश में आचार संहिता लागू होते ही सरकारी विश्राम गृहों के राजनीतिक उपयोग पर रोक लग गई है। जिला निर्वाचन अधिकारियों को यह सुनिश्चत करना होगा कि जिले में किसी भी विश्राम गृह में राजनीतिक गतिविधि नहीं हो रही है। साथ ही रेस्ट हाउस का आवंटन भी कलेक्टर की अनुमति के बिना नहीं होगा। इस संबंध में निर्वाचन आयोग ने सभी जिलों को निर्देश जारी कर दिए हैं। लोक प्रतिनिधत्व अधिनियम, 1951 की धारा 160 (क) में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार विश्राम भवन अधिग्रहित किये गए है। जारी आदेश अनुसार विश्राम गृहों का उपयोग राजनैतिक गतिविधियों के लिए नहीं किया जाएगा। विश्राम गृह परिसर में निर्वाचन की आदर्श आचरण संहिता का पालन करना आवश्यक होगा। जिला दण्डाधिकारी की अनुमति के बिना विश्राम गृह किसी अन्य को आवंटित नहीं किया जाएगा। विश्राम गृह की विद्युत, पेयजल, सफाई आवश्यक फर्नीचर / काकरी और खानसामा एवं स्टाफ संबंधी अन्य व्यवस्थाएं नियंत्रक अधिकारी द्वारा परिसर में सुनिश्चित की जाएगी। जिला दण्डाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी भोपाल द्वारा प्रदत्त एवं समय-समय पर जारी सभी दिशा निर्देशों का पालन करना होगा।



अनुविभागीय दण्डाधिकारी (समस्त) जिला भोपाल संबंधित नियंत्रणकर्ता के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र के विश्राम गृहों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएंगे।

### सभी रेस्ट हाउसों पर रखी जाएगी नजर

राज्य सरकार के अलग-अलग विभागों के विश्राम गृहों के अलावा केंद्र सरकार एवं उपक्रमों के विश्राम गृहों पर भी आचार संहिता लागू रहेगी। गुना में रेस्ट हाउस पर राजनीतिक गतिविधियां संचालित करने का पहला मामला सामने आया है। हालांकि कांग्रेस की ओर से कोई शिकायत चुनाव आयोग में नहीं की गई है। गुना कांग्रेस जिलाध्यक्ष की ओर से सिर्फ यह कहा गया कि यदि विश्राम गृह पर राजनीतिक गतिविधियां की गईं हैं तो यह आचार संहिता का उल्लंघन है।

# आलोक शर्मा के नेतृत्व में भोपाल का चहुंमुखी विकास होगा:शिवराजसिंह चौहान

**भोपाल।** कांग्रेस की मति मारी गई है, अब प्रदेश में कांग्रेस खत्म हो गई है। कांग्रेस नेता अब कांग्रेस छोड़ों यात्रा में लगे हुए है। एक दर्जन से अधिक पूर्व मुख्यमंत्रियों ने कांग्रेस छोड़ दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित हो रहा है। यह बात प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कार्यकर्ता सम्मेलन एवं लोकसभा चुनाव कार्यालय का शुभारंभ करते हुए कही। शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि आलोक शर्मा विकास का प्रकाश लेकर आयेंगे। भोपाल लोकसभा के प्रत्याशी आलोक शर्मा को क्षेत्रवासियों की हर बात की चिंता है और आगामी दिनों में उनके नेतृत्व में भोपाल और सीहोर का चहुंमुखी विकास होगा। क्षेत्रीय विधायक सुदेश राय के क्षेत्र में भी तेजी से विकास कार्य हुए है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को ऐतिहासिक बहुमत मिलेगा। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान श्री राम का मंदिर बन रहा था, तब कांग्रेस को निमंत्रण मिला परंतु ठुकरा दिया। कांग्रेस की विनाश काले विपरित बुद्धि हो गयी है। देश से अब कांग्रेस



अब खत्म हो रही है। कांग्रेस के अच्छे और विचारवान नेता भाजपा में शामिल हो रहे हैं। चौहान ने कहा कि जनता की सेवा ही मेरा जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। भोपाल लोकसभा प्रत्याशी आलोक शर्मा ने कहा कि भाजपा ने लोकसभा प्रत्याशी बनाकर आमजन की सेवा मौका दिया है। सीहोर में शुगर मिल की जमीन को जनकल्याण और विकास के काम में उपयोग में लाने का प्रयास करेंगे। सीहोर में इंटरनेशनल एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनों के स्टापेज, भगवान गणेश के प्रसिद्ध मंदिर का जीर्णोद्धार, आवासीय खेलकूद विद्यालय सहित अन्य का विकास करना मेरी प्रथामिकता होगी। शर्मा ने कहा कि सभी कार्यकर्ता परिश्रम की पराकाष्ठा करते हुए चुनाव में जुट जाए।

# निगम ने व्यापक पैमाने पर की संपत्ति विरूपण की कार्यवाही

**भोपाल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 की आदर्श आचार संहिता के दिशा निदेर्शों के परिपालन में नगर निगम द्वारा संपत्ति विरूपण की कार्यवाही व्यापक पैमाने पर की गई और सोमवार को समस्त 21 जोन के अंतर्गत सभी 85 वार्ड क्षेत्रों में शासकीय भवनों, सार्वजनिक स्थलों आदि पर लगाई गई विभिन्न प्रकार की सामग्री को हटाने की कार्यवाही करते हुए निगम के दलों ने लगभग 1012 पोस्टर, बैनर सहित अन्य प्रकार की प्रचार सामग्री हटाकर जप्त किये तथा 149 स्थानों पर दीवार/बोर्ड लेखन पर पुताई भी कराई गई। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायण द्वारा आदर्श आचार संहिता के दिशा निदेर्शों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने तथा संपत्ति विरूपण कर शहर की संपत्तियों को विरूपित करने वालों के विरूद्ध सख्त करने के निदेर्शों के परिपालन में सोमवार को निगम के संपत्ति विरूपण दलों ने निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत सभी 21 जोनों के 85 वार्ड क्षेत्रों में शासकीय सम्पत्तियों, सार्वजनिक सम्पत्तियों एवं निजी सम्पत्तियों पर कार्यवाही करते हुए लगभग 1012 पोस्टर, बैनर सहित अन्य प्रकार की सामग्री हटाने की कार्यवाही की तथा 149 स्थानों पर दीवार/बोर्ड लेखन पर पुताई भी कराई गई। निगम की यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# खाद्य विभाग ने सील किया गोदाम, हादसे की जांच जारी

## नर्मदा टेंट हाउस का मामला, फटे थे 25 सिलेंडर

**भोपाल।** बीते दिनों अरविंद विहार बागमुगालिया पुरानी बस्ती के नर्मदा टेंट हाउस के गोदाम में लगभग 25 सिलेंडर फटे थे। इस दुर्घटना की जांच जिला खाद्य विभाग द्वारा जा रही है। हालांकि विभाग ने गोदाम को सील कर दिया है। अब गैस एजेंसी की जानकारी विभाग द्वारा जुटाई जा रही है। जानकारी के अनुसार नर्मदा कैटरर्स और गैस एजेंसी गोदाम में भीषण आग लगने के बाद जिला प्रशासन के खाद्य विभाग और राजस्व विभाग ने मौके का निरीक्षण किया था। जहां से लगभग 61 खाली व्यवसायिक सिलेंडर जब्त किए गए थे। टेंट संचालक द्वारा शिवा भारत गैस एजेंसी से सिलेंडर लिया जाना पता चला है। इसके अलावा मौके पर ही 20 से 25 सिलेंडर पड़े हुए हैं, जिनमें आग लगने के बाद ब्लास्ट हुआ था। बताया जा रहा है कि संचालक के पास गैस सिलेंडर के लिए कई



डायरियां मौजूद थीं। इन्हीं से वह सिलेंडर लेता था। विभाग द्वारा इसकी जांच की जा रही है कि टेंट संचालक को इतनी बड़ी संख्या में डायरियां कैसे उपलब्ध कराई गई हैं। विभाग द्वारा एजेंसी की भूमिका के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। सूत्र बता रहे हैं कि गोदाम में गैस रीफिलिंग के बारे में रहवासियों ने शिकायत भी की थी। इसका भी पता विभाग द्वारा लगाया जा रहा है। जिला खाद्य एवं राजस्व विभाग की टीम ने गोदाम सहित अन्य जगह से लगभग 247 खाली-भरे व्यवसायिक सिलेंडर जब्त किए थे। अमले ने घटनास्थल से 61 व्यवसायिक सिलेंडर, मंदिर के पास में बागमुगालिया नर्मदा कैटरर्स से दो भरे एवं 11 आंशिक भरे और 91 खाली गैस सिलेंडर जब्त किए थे। कैटरर्स के किचन के सामने स्थित गोदाम से 82 व्यवसायिक गैस सिलेंडर जब्त किए गए थे। इस बारे में जिला खाद्य अधिकारी मीना मालाकार का कहना है कि टेंट गोदाम में लगी आग के मामले की जांच जारी है। जहां से 61 खाली सिलेंडर जब्त किए गए हैं। जबकि कुछ सिलेंडरों में मौके पर ब्लास्ट हुआ था। जल्द ही जांच रिपोर्ट तैयार कर कलेक्टर को सौंपी जाएगी।


# स्टेशन और ट्रेन सेम फिर किराया कैसे बदल गया

**भोपाल।** यह सुनने और पढ़ने में अटपटा जरुर लगेगा, लेकिन हकीकत यही है कि ट्रेन और स्टेशन सेम होने के बावजूद किराया एक समान नहीं है। यह कमाल है प्लेटफार्म विंडो का, मतलब प्लेटफार्म क्रमांक एक की विंडो और प्लेटफार्म क्रमांक 6 की विंडो से एक ही दूरी और एक ही ट्रेन का अलग-अलग किराया वसूला जा रहा है। जानकारी अनुसार भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 की ओर से जब यात्री भोपाल -बीना मेमू ट्रेन द्वारा भोपाल से गुलाबगंज का टिकट खरीदता है तो उसे 45 रुपये खर्च करने पड़ते हैं। जबकि वही टिकट प्लेटफॉर्म नंबर 6 की विंडो से खरीदने पर उसे मात्र 20 रुपए ही खर्च करने पड़ते हैं। यह सुन कर यात्री भी हैरान हैं। ट्रेन एक है, स्टेशन एक है, सिर्फ प्लेटफार्म विंडो बदल रही है और किराया दो गुना ज्यादा और कम हो रहा है। मजेदार बात यह है कि जब आप गुलाबगंज रेलवे स्टेशन की विंडो से गुलाबगंज से भोपाल की यात्रा इसी ट्रेन से करने के लिए टिकट लेते हैं तो आपसे 75 किमी की दूरी का महज 20 रुपये ही वसूला जाता है। इस प्रकार गुलाबगंज से भोपाल का टिकट बीना-भोपाल मेमू का प्रति यात्री 20-20 रुपए लगता है। यात्रियों का कहना है कि रेलवे मनमर्जी से किराया वसूल रहा है और उसे इस बात का भी ध्यान नहीं है कि एक ही स्टेशन और एक ही ट्रेन का किराया अलग-अलग वसूल रहा है। इस संबंध में रेलवे अधिकारी कहते हैं कि तकनीकी खराबी के चलते ऐसा हो गया होगा।

# एमपीआरडीसी द्वारा निर्मित पुल बना राहगीरों के लिए मुसीबत, पुल पर भरा पानी

## इंजीनियरिंग का अद्भुत नमूना, शासकीय राशि की खेली जा रही है होली, जिम्मेदार मौन

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम आए दिन अपने कारनामों की वजह से सुर्खियां बटोरता रहता है, इस इस विभाग की कारिस्तानी किसी से छुपी नहीं है सरकारी पैसों का इस तरह से बंदरबाट किया जाता है की आम लोगों की आवागमन की सुविधा मुहैया कराने के लिए जो जिम्मेदारी इस विभाग को सौंप जाती है उसी जिम्मेदारी को निभाने में पैसों की जमकर विभागीय नुमाइंदे होली खेलते नजर आते रहते हैं, जिसका जीता जाता उदाहरण अनूपपुर के पुष्पराजगढ़ मुख्यालय में मार्को फीलिंग स्टेशन के पास देखने को मिल रहा है।



### क्या है पूरा मामला

अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ मुख्यालय अंर्तगत विगत कई वर्षों से शासकीय महाविद्यालय पुष्पराजगढ़ के मंडल द्वार से लेकर मार्को फीलिंग स्टेशन तक पानी निकासी की उचित व्यवस्था न होने से हल्की ही बारिश से पूरे रोड में पानी का भराव हो जाता रहा है गौरतलब हो की इस समस्या से आसपास के रहवासी सहित पुष्पराजगढ़ तहसील का सबसे बड़ा शिक्षा का मन्दिर जिसे लखौरा स्कूल के नाम से जाना जाता है वह पढ़ने वाले बच्चों, महाविद्यालय के बच्चे भी इस समस्या से अति पीड़ित रहे है जिसको देखते हुए एक पुल का निर्माण बीते दिनों में कराया गया जिससे ये समस्या उत्पन्न न हो लेकिन बे मौसम बारिश होने से ये जो कारनामा टढफ्छ्ळ द्वारा किया गया है उससे विभागीय कार्यप्रणाली पर अब प्रश्न चिन्ह उठ रहे है।

### पुल बना इंजीनियरिंग की पेस की मिशाल

जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए जिस पुल का निर्माण टढफ्छ्ळ द्वारा करवाया गया है वह काबिले तारीफ है पुल से गुजरने वाले सभी राहगीर पुल पर किए गए कारीगिरी देख तारीफ करते थकते नहीं है, पानी निकासी के लिए बनाया गया पुल अब अपनी आप बीती खुद ही बया कर रहा है आमजन मानस को सुगम रास्ता बना कर देने वाला विभाग के जिम्मेदार उपयंत्री ऐसा पुल निर्माण करवाए है की पानी पुल के नीचे से जाने की जगह ऊपर से निकलने को मजबूर है इसलिए ये कहना गलत न होगा कि टढफ्छ्ळ द्वारा पुल बना इंजीनियरिंग की अद्भुत मिशाल पेश की है।

### बे मौसम बारिश से हो रहा जल भराव

पुल बने अभी चंद ही दिन हुए है कि हुए बे मौसम बारिश ने विभाग की पोल खोल कर रख दी है महज कुछ ही घंटो की बारिश से घुटनों के ऊपर तक पानी पुल के सड़क पर भरा हुआ है जो किसी भी आने जाने वाले विभागीय अधिकारियों या फिर जिले में बैठे आला अधिकारियों को नजर नहीं आ रही है इस समस्या से स्कूल जाने वाले बच्चे या पैदल चलने वाले राहगीरों को इस सड़क पर पानी भराव से अब चलना दुभर हो गया है।

### सरकारी राशि की खेली जा रही जम कर होली

जानकारी अनुसार MPRDC द्वारा बनाये गये पुल निर्माण की लागत लगभग 6 लाख 50 हजार रुपए है जिसको मूर्तिरूप देने की जिम्मेदारी विभाग द्वारा वेदिका स्टोन क्रेशर एंड कंस्ट्रक्शन को दिया गया था जिसमे निगरानी रखने के लिए खुद ही विभाग के उपयंत्री कार्यस्थल पर जमे रहते रहे है जिस तरह से उपयंत्री द्वारा अपने मौजूदगी में पुष्पराजगढ़ के रीवा अमरकंटक मार्ग पर मार्को फीलिंग स्टेशन के पास निर्माण करवाया है वह भ्रष्टाचार का जीता जागता उदाहरण है कि उक्त कार्य के लिए आवंटित राशि का सही तरह से क्रियान्वयन न होने से जनता अब कहते नहीं थक रही है की सरकारी नुमाइंदों द्वारा सरकारी राशि की जम कर होली खेली जा रही है।

इस पूरे मामले में जब ए.जी.एम. मुकेश बेले से दूरभाष से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन उठाना उचित नहीं समझा।

### इनका कहना है

सही तरीके से इंजीनियर ने अपना काम नहीं किया है जिसके कारण यह समस्या सामने आ रही है।

अर्जुन सिंह सरपंच ग्राम पंचायत किरगी

# उत्कृष्ट शारीरिक और मानसिक दक्षता भारत के भविष्य का निमार्ता है : प्रो. श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक के शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित त्रिदिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के समारोप समारम्भ की अध्यक्षता करते हुए माननीय कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी ने कहा की शास्वत सत्य है की खिलाड़ी कभी उम्रदराज नही होता है, क्योंकि वह निरंतर अभ्यास को बनाए रखता है। आज के दौर में खेल हो या कोई भी क्षेत्र हो उसमे अभ्यास, तकनीक और उपादेयता तीनो के सम्मिलित व सम्यक स्वरूप की आवश्यकता है, तभी उसकी सार्थकता प्रदर्शित हो सकेगी शीघ्र ही हम खेल की दुनिया में भी महाशक्ति बनेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में द्रोणाचार्य पुरस्कार से अलंकृत ई. प्रसाद राव ने कहा की कबड्डी का खेल हो, दूसरे खेल हो अथवा शिक्षा का क्षेत्र हो जिस टीम का कैप्टन बेहतर होता है , टीम बेहतर प्रदर्शन करती है। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष तथा पूर्व निदेशक प्रो. आर. के. यादव ने कहा की



आज खेलो के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर स्वरूप बदला है। प्रो कबड्डी दुनिया में स्थान बना चुकी है ' आज शिक्षा के माध्यम से ऐसे खेलो के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में अधिष्ठाता, अकादमिक प्रो. आलोक श्रोत्रीय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए यह कहा की कबड्डी का खेल देशज खेल है, इस खेल से सामाजिकता, सामूहिकता तथा खेल भावना का विकास होता है। समीक्षा प्रतिवेदन कार्यशाला के संगठन सचिव डॉ. मनोज कुमार पाण्डेय ने प्रस्तुत किया। समारोप समारम्भ में स्वास्ति वाचन विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य द्वय डॉ. त्रयम्बक नाथ पाण्डेय तथा डॉ. सचिन द्विवेदी ने संपन्न किया। प्रतिभागी बसंत कुमार अंचल तथा नेहा सिंह ने कार्यशाला से प्राप्त ज्ञान और कौशलों की सार्थकता को सभी से साझा किये। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष प्रो. ज्ञानेंद्र कुमार रावत ने किया। कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षा विभाग की सहायक आचार्य हिमांशी वर्मा ने तथा कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापन कार्यक्रम के संयुक्त संगठन सचिव डॉ. महेंद्र प्रताप गौर ने प्रेषित किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता योग प्रो. जितेंद्र शर्मा, अधिष्ठाता, व्यवसाय प्रबंधन प्रो. अमरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रो. नवीन शर्मा, प्रो. ए. के. शुक्ला, प्रो. राघवेंद्र मिश्र , प्रो. एम. टी. नागराजू, प्रो. शमीम अहमद, प्रो. सुबोध सिंह, प्रो. सुनील गौरहा, प्रो. अभिमन्यु सिंह, डॉ. अजय सिंह, डॉ. मुकेश उपाध्याय, डॉ. टी. प्रभाकर रेड्डी, डॉ. अजय राय, डॉ. बसंत अंचल, डॉ. मुकेश बिहारी घोरे, डॉ. रामायण प्रसाद, डॉ. अजय कुमार यादव, डॉ. सुरेश कुमार सिंह पवार, डॉ. मनीष कुमार नामदेव, डॉ. राम जी मिश्रा, डॉ. दिलीप चौधरी, डॉ. आलोक कुमार, डॉ. राकेश प्रसाद, डॉ. दीपक कुमार हथिया, डॉ. आनंद कुमार मिश्र, डॉ. निपेंद्र सिंह करचुली, डॉ. ललित कुमार मिश्र, डॉ. हरेराम पाण्डेय, डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह, डॉ. प्रवीण, डॉ. दिग्विजय नाथ चौबे, डॉ. पंकज तिवारी, डॉ. संजय यादव, डॉ. कृष्णमुरारी सिंह व अन्य शिक्षक सहित सभी प्रतिभागी तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# आकाशीय बिजली के चपेट में आने से तीन भैंसों की मौत, झमाझम बारिश के साथ गिरे ओले

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनुपपुर।** अनुपपुर जिले के जैतहरी जनपद क्षेत्र अंतर्गत बीड़, जरियारी, खूंटाटोला में ओले गिरे हैं। विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 2 घंटे तक रुक-रुक कर बारिश हो रहीं हैं, शाम को जारी हैं। रविवार की शाम पुष्पराजगढ़ (राजेन्द्रग्राम) के बसनिहा सहित आसपास के गांवों में मौसम बदला और तेज हवाओं के साथ बारिश 10 मिनट तक ओले गिरे। जैतहरी क्षेत्र अंतर्गत कल्याणपुर में ओले गिरने से रोचन बैगा के घर को नुकसान पहुंचा है। रोचन बैगा ने बताया कि लगभग 20 मिनट तक पत्थर के साइज के ओले गिरने से उनके घर को नुकसान हुआ है। जैतहरी जनपद के विभिन्न गांव में ओले गिरने से सबसे ज्यादा नुकसान फसलों को भी हुआ है। बारिश के साथ आंधी-तूफान से लपटा गांव में एक विद्युत का पुल भी गिरा गया। बदलते मौसम के अनुसार विगत दो दिनों से अनूपपुर जिले के सभी तहसीलों में अचानक वर्षा होने के साथ तेज हवा चलने,आकाशीय बिजली के चमकने एवं गिरने से चपेट में आने के कारण अनूपपुर तहसील के कांसाएवं करातोला में तीन पालतू मवेशियों की मौत हो गई वही 2 दिन से पूरे दिन में तेज पानी के साथ तेज हवा चलने,आकाशीय बिजली के चमकते तथा गिरने की घटनाएं होती रही है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील मुख्यालय अनूपपुर से 8 किलोमीटर दूर स्थित कांशा गांव निवासी भानू यादव पिता लल्ला यादव की एक नग भैंस जो रविवार की रात घर की गौशाला में रही है कि अचानक तेज आधी,पानी के साथ आकाशीय बिजली गिरने उसके चपेट में आने से स्थल पर ही मृत हो गई वहीं सोमवार की दोपहर 2 बजे के लगभग तहसील मुख्यालय अनूपपुर से 6 कि,मी,दूर स्थित करातोला गांव के निवासी अमर सिंह की दो भैंस जो गांव के बाहर बगीचे के पास चर रही थी कि अचानक आंधी-तूफान के साथ आकाशीय बिजली गिरने तथा उसके चपेट में आने पर मृत्यु हो गई है दोनों घटनाओं पर पुलिस,प्रशासन एवं पशु चिकित्सा विभाग द्वारा पशु मालिकों की सूचना पर कार्यवाही की है दो दिनों से निरंतर हो रही वर्षा के कारण आमजन परेशान है।

# करंट की चपेट में आने से किशोरी की हुई मौत, बच्ची को बचाने गई माँ हुई घायल

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** अनूपपुर कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छुलहा में 5 वर्षीय प्रतिभा चौधरी पुत्री रामलाल चौधरी की करंट लगने से मृत्यु हो गई। वहीं बेटी को करंट से छुड़ाने पहुंची बच्ची मॉ अनिता चौधरी भी करंट की चपेट में आने से घायल हो गई। परिजनों ने अनिता चौधरी को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया वहीं पुत्री की मौत की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा तैयार करते हुए पोस्टमार्डम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम छुल्हा के गोड़ानटोला में रामलाल चौधरी के घर में लगी लोहे की खिड़की पर बल्व जलाने के लिए होल्डर फंसाया गया था,



होल्डर में लगी विद्युत तार अचानक खुला गई और लोहे के खिड़की के संपर्क में आ गया। वहीं परिजनों द्वारा कपड़े सुखाने के लिए उसी खिड़की में जीआई तार को दूसरे छोर में बांधा गया था। 18 मार्च को उक्त जीआई तार अचानक टूट कर नीचे आंगन में गिर गया और आंगन में खेल रही 5 वर्षीय प्रतिभा चौधरी ने करंट फैले जीआई तार को अपने दोनो हाथों से पकड़ ली, जिसे बचाने के लिए उसकी मॉ 32 वर्षीय अनिता चौधरी भी करंट की चपेट में आ गई। जिसे पड़ोसी ने देख तत्काल मौके पर पहुंच कर उक्त जीआई तार को खिड़की से अलग करते हुए अनिता चौधरी को बचा लिया गया, लेकिन 5 वर्षीय प्रतिभा चौधरी की मृत्यु हो चुकी थी।

# कमिश्नर ने जिला चिकित्सालय का किया आकस्मिक निरीक्षण, मरीजों से की चर्चा

## जिला चिकित्सालय परिसर में समुचित साफ-सफाई रखने के दिए निर्देश

**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग बी.एस.जामोद ने आज जिला चिकित्सालय शहडोल का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने जिला चिकित्सालय के ओपीडी वार्ड, मेल सर्जिकल वार्ड, फीमेले सर्जिकल वार्ड, हृदय रोग गहन चिकित्सा कक्ष, एनआरसी. और ओपीडी का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने मरीजों और मरीजों के परिजनों से चर्चा की तथा चिकित्सालय प्रबंधन द्वारा मरीजों को दिए जा रहे उपचार के संबध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने ओपीडी में चिकित्सकों की सतत उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। कमिश्नर ने जिला चिकित्सालय निरीक्षण के दौरान मरीज शीतला सिंह, विस्मोही सिंह से चर्चा की तथा उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली। कमिश्नर ने मेल सर्जिकल वार्ड में भर्ती मरीज कल्लू बैगा से चर्चा की तथा चिकित्सकों से कल्लू बैगा के उपचार के सबंध में



जानकारी ली। कमिश्नर ने कल्लू बैगा के उपचार के लिए बनाई गई फाईल का भी अवलोकन किया तथा कल्लू बैगा के शरीर में खून की काफी कमी पाये जाने पर चिकित्सकों को कल्लू बैगा एवं उसके परिजनों के सिकल सेल की जांच भी कराने के निर्देश दिए। जिला चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने क्षय रोग से पीड़ित छात्र अनिल से भी चर्चा की तथा छात्र अनिल के उपचार के लिए उनके परिजनों को सतत रूप से दवाईयां खिलाने की समझाईस भी कमिश्नर द्वारा दी गई। कमिश्नर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ए.के.लाल को निर्देश दिए कि वे छात्र अनिल के क्षय रोग का उपचार अपनी निगरानी में कराएं। कमिश्नर ने यह भी निर्देश दिए कि छात्र जिस गांव में रहता है उस गांव में जिला क्षय अधिकारी जाकर सर्वे कराएं। कमिश्नर ने फीमेल सर्जिकल वार्ड का भी निरीक्षण किया तथा मरीजों से चर्चा की। कमिश्नर ने हृदय रोग गहन चिकित्सा इकाई का निरीक्षण किया और मरीजों से चर्चा की, चर्चा के दौरान कमिश्नर ने मरीजों से चिकित्सा प्रबंधन द्वारा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही दवाईयों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने एनआरसी. का निरीक्षण किया तथा एनआरसी में भर्ती बच्चों के परिजनों से चर्चा की तथा बच्चों के परिजनों को समझाईस देते हुए कहा कि वे बच्चों की विशेष निगरानी रखें बच्चों के स्वास्थ्य पर ध्यान दें, एनआरसी के चिकित्सकों द्वारा उन्हें बताये जा रहे नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने एनआरसी के पोषण विशेषज्ञों से एनआरसी में भर्ती बच्चों का उपचार किस प्रकार से किया जा रहा है तथा उन्हें कौन सी डाईट मुहैया कराई जा रही है। इसके संबंध में विस्तार से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने शौचालयों का भी निरीक्षण किया। शौचालयों में समुचित साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संयुक्त आयुक्त विकास श्री मगन सिंह कनेश, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ लाल, सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय डॉ जीएस परिहार, डॉ पासवान, डॉ टान्डिया सहित अन्य चिकित्सक भी साथ रहे।

# शत-प्रतिशत मतदान के लिए मैदानी अमला करे सार्थक प्रयास- जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष वशिष्ठ



**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में शत्-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूकता के सार्थक प्रयास सुनिश्चित किए जाएं। जिससे जिले के मतदान केन्द्रों में शत्-प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। उक्ताशय के विचार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष वशिष्ठ ने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में मैदानी अमले की बैठक को सम्बोधित करते हुए कही। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा, महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री विनोद परस्ते, सहायक संचालक श्रीमती मंजूषा शर्मा सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष वशिष्ठ ने बूथ अवेयरनेस ग्रुप (बीएजी) को मतदाता जागरूकता की विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के किसी भी मतदान केन्द्र का प्रतिशत जिले के औसत मतदान से कम न रहे, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन मतदान केन्द्रों में विधानसभा चुनाव में कुछ मतदाताओं के मत न पड़ने के कारण शत्-प्रतिशत मतदान नही हो सका। ऐसे मतदान केन्द्रों में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मतदान तिथि 19 अप्रैल 2024 पर शत्-प्रतिशत मतदान के प्रयास सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने जिले के सभी मैदानी शासकीय सेवकों को मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने की अपील की है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2024 के तहत विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए आयोजित लोगो डिजाईन करें, लिखें स्लोगन प्रतियोगिता में स्लोगन लिखे श्रेणी के अंतर्गत जिले की अनूपपुर निवासी रुकसाना बेगम को उत्कृष्ट निर्वाचन कार्यों के लिए वार्षिक राज्य पुरूस्कार 2023 के तहत सांत्वना पुरूस्कार अंतर्गत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है।

# केसरवानी वैश्य सभा का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न, पदाधिकारियो को दिए गए ससम्मान नियुक्ति पत्र

## बहुप्रतीक्षित मांग अन्य पिछड़ा वर्ग की पृष्ठभूमि, भावी रणनीति से समाज को अवगत कराए- अनिल गुप्ता

**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** सिटी स्टार होटल शहडोल में, नवगठित केसरवानी वैश्य जिला सभा शहडोल द्वारा, केसरवानी वैश्य जिला सभा शहडोल के तीनों घटकों (पुरुष, महिला एवं तरुण सभा) के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का, भव्य शपथ ग्रहण समारोह, मुख्य अतिथि मनीषा सिंह विधायक जयसिंहनगर विशिष्ट अतिथि राजीव गुप्ता संरक्षक, अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य महासभा, मैथिलीशरण गुप्त (राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक) केसरवानी वैश्य सभा मध्य प्रदेश के मार्गदर्शक मंडल सदस्य, केसरवानी वैश्य सभा मध्य प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जे पी गुप्ता, महामंत्री मनोज कुमार गुप्ता एवं अनिल कुमार गुप्ता अध्यक्ष, केसरवानी वैश्य सभा मध्य प्रदेश की अध्यक्षता में, संपन्न हुआ शपथ ग्रहण समारोह में, सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा,महर्षि कश्यप की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया व महर्षि कश्यप की आरती की गई तत्पश्चात अतिथियों का सम्मान कर,जिला सभा के तीनों घटकों के नवनियुक्त संरक्षकों, बृजेन्द्र गुप्ता, जयप्रकाश गुप्ता, शांति गुप्ता, आरती गुप्ता, राजीव गुप्ता ब्यौहारी व अतुल गुप्ता का सम्मान करते हुए, उन्हें मंच से नियुक्ति पत्र दिया गया। तत्पश्चात सभी नवनियुक्त पुरुष पदाधिकारियों व कार्यकारिणी




समिति के सदस्यों का, राजीव गुप्ता द्वारा, तत्पश्चात मनीषा सिंह विधायक जयसिंहनगर द्वारा, महिला सभा की समस्त पदाधिकारियों व कार्यकारिणी समिति के सदस्यों का एवं अंत में मैथिलीशरण गुप्त जी द्वारा तरुण सभा के समस्त पदाधिकारियों व कार्यकारिणी समिति के सदस्यों का, भारी संख्या में सामाजिक बन्धुओं , मातृ-शक्तियों व तरुणों की उपस्थिति में, शपथ ग्रहण कराया गया शपथ ग्रहण के उपरांत सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को मंच से ही नियुक्ति पत्र, ससम्मान प्रदान किया गया एवं कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों, तीनों घटकों के प्रदेश पदाधिकारियों, केसरवानी वैश्य वेलफेयर ट्रस्ट मध्यप्रदेश के पदाधिकारियों व सदस्यों, विभिन्न नगरों व ग्रामों से अतिथि के रूप में पधारे अध्यक्षों, नवनियुक्त संरक्षकों आदि को, नवगठित केसरवानी वैश्य जिला सभा शहडोल द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला सभा की नवनियुक्त अध्यक्ष भारती गुप्ता द्वारा किया गया। मंच एवं सभासदों का स्वागत, नवनियुक्त जिला अध्यक्ष बृजेश प्रसाद गुप्ता द्वारा एवं आभार नवनियुक्त जिला तरुण सभा अध्यक्ष योगेश्वर प्रधान द्वारा किया गया। अतिथियों द्वारा नवनियुक्त समस्त पदाधिकारियों व कार्यकारिणी समिति सदस्यों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए, समाज को संगठित करने का आह्वान किए साथ ही समाज में फैली कुरीतियों को, समाज के बीच जाकर, दूर करने का अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। नवनियुक्त तीनों घटकों के अध्यक्षों द्वारा मंच व सभा को अपने उद्बोधन में समाज हित में कार्य करते हुए संगठनात्मक शक्ति बढ़ाने का आश्वासन दिया गया। मंच से मनीषा सिंह के द्वारा अपने उद्बोधन में नवगठित जिला सभा के समस्त पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई देते हुए, देश व समाज हित में, समर्पण भाव से एकजुटता के साथ कार्य करने का मंत्र दिया गया। राजीव द्वारा साफ नियत से आगे बढ़ते जाने का सुझाव दिए। मैथिलीशरण जी द्वारा जंगल के राजा का एक रोचक उदाहरण देकर नवनियुक्त पदाधिकारियों को बताए कि अपनी योग्यता एवं क्षमता के आधार पर ही, समाज को श्रेष्ठ देने का प्रयास करें शेर की तरह समाज की रक्षा का दायित्व निर्वहन करें, बंदर,शेर की तरह रक्षक नहीं हो सकता। प्रदेश अध्यक्ष अनिल गुप्ता प्रदेश की कार्ययोजना पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए, समाज की बहुप्रतीक्षित मांग "अन्य पिछड़ा वर्ग" की पृष्ठभूमि, किए गए प्रयास व भावी रणनीति से समाज को अवगत कराए, नवनियुक्त पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों को समाज की कुरीतियों को दूर करने के प्रयास के साथ प्रदेश की योजनाओं के क्रियान्वयन पर सकारात्मक सहयोग करने को कहे। अन्य कई वक्ताओं ने मृत्यु भोज, प्री-वेडिंग, अंतजार्तीय विवाह जैसे कई मुद्दों पर अपने अपने विचार व्यक्त किये।सहभोज के साथ समारोह का सुखद समापन हुआ।